Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...

# घटती घटना

RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022
अम्बिकापुर , वर्ष 18,अंक -278 गुरूवार ,11 अगस्त 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

प्रत्येक मनुष्य का भाग्य एक बार अवश्य उदय होता है। यह बात अलग है कि उसका वह कितना लाभ उठाता है।

-भृगु संहिता-

## हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक अखबार घटती-घटना के समस्त सुधि पाठको, विज्ञापनदाताओं,शुभचिंतकों, सहयोगियों एवं प्रदेश व देशवासियों को घटती-घटना परिवार की ओर से भाई -बहन के रिश्तों का पवित्र त्यौहार रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं व अशेष बधाई...

संपादक

## अवकाश सूचना

रक्षाबंधन के पावन अवसर पर घटती-घटना कार्यालय में 11 व 12 अगस्त 2022 को अवकाश रहेगा।

अतः अगला अंक 14 अगस्त 2022 दिन रविवार को प्रकाशित होगा।

व्यवस्थापक

# कितनी ही झाड़-फूंक कर लें,खत्म नहीं होगी उनकी निराशा

**नई दिल्ली, 10 अगस्त 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पानीपत रिफाइनरी में इंडियन ऑयल 2जी इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया। वर्चुअली तरीके से किए गए उद्घाटन के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि हमारे देश में भी कुछ लोग हैं जो नकारात्मकता के भंवर में फंसे हुए हैं, निराशा में डूबे हुए हैं। सरकार के खिलाफ झूठ पर झूठ बोलने के बाद भी जनता जनार्दन ऐसे लोगों पर भरोसा करने को तैयार नहीं हैं। ऐसी हताशा में ये लोग भी अब काले जादू की तरफ मुड़ते नजर आ रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि अभी हमने 5 अगस्त को देखा है कि कैसे काले जादू को फैलाने का प्रयास किया गया। ये लोग सोचते हैं कि काले कपड़े पहनकर, उनकी निराशा-हताशा का काल समाप्त हो जाएगा। लेकिन उन्हें पता नहीं है कि वो कितनी ही झाड़-फूंक कर लें, कितना ही काला जादू कर लें, अंधविश्वास कर लें, जनता का विश्वास अब उन पर दोबारा कभी नहीं बन पाएगा।

**पवित्र अवसर को अपवित्र करने का किया गया प्रयास**



अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अमृत महोत्सव में आज जब देश तिरंगे के रंग में रंगा हुआ है तब कुछ ऐसा भी हुआ है जिसकी तरफ मैं देश का ध्यान दिलाना चाहता हूं। हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों को अपमानित करने का, इस पवित्र अवसर को अपवित्र करने का प्रयास किया गया है। ऐसे लोगों की मानसिकता देश को भी समझना जरूरी है।

**इससे लोगों को मिलेगा रोजगार और पैदा होंगे नए अवसर**

इसके साथ ही इंडियन ऑयल 2जी इथेनॉल प्लांट के उद्घाटन पर उन्होंने कहा कि कट-आउट स्टबल के परिवहन की सुविधाएं बनाई जा रही हैं। नए जैव-ईंधन संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं। इससे रोजगार मिलेगा और आगे चलकर नए अवसर पैदा होंगे। सभी ग्रामीण और किसान भाई लाभान्वित होंगे। इससे देश में प्रदूषण की चुनौतियां भी कम हुई हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि प्रकृति की पूजा करने वाले हमारे देश में जैव ईंधन प्रकृति की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे किसान इसे बेहतर ढंग से समझते हैं। हमारे लिए जैव ईंधन का मतलब पर्यावरण को बचाने वाला हरित ईंधन है।

# सुशील मोदी को साइडलाइन करना बीजेपी को पड़ा भारी ?

» 2017 में ऐसे धराशायी किया था महागठबंधन
» लालू परिवार के सदस्यों पर लगाए थे आरोप
» सुशील मोदी को पार्टी ने ही भेजा हाशिए पर



**पटना, 10 अगस्त 2022।** बिहार की राजनीति में सुशील कुमार मोदी, वो नाम है जिसे सिर्फ बीजेपी का चेहरा ही नहीं, बल्कि सत्ता का सूत्रधार भी माना जाता है. सुशील कुमार मोदी की पहचान ऐसे नेता की रही है, जो अपने विरोधियों के खिलाफ पूरा शोध करते हैं और फिर तथ्यों के साथ अक्रामक रणनीति अपनाकर हमला करते हैं. साल 2017 के अप्रैल महीने में उन्होंने आरजेडी और लालू प्रसाद यादव के परिवार को जब हमला करना शुरू किया, तो परिणा में महागठबंधन धराशायी हो गया. नीतीश कुमार एक बार फिर एनडीए में शामिल हुए और बीजेपी को सत्ता सुख मिला. अब जब नीतीश कुमार एक बार फिर पाला बदलकर महागठबंधन के साथ हो गए हैं, तो बिहार में इस बात की चर्चा हो रही है कि क्या बिहार में सुशील कुमार मोदी को साइडलाइन करना बीजेपी को भारी पड़ गया. वैसे भी बिहार की राजनीति में सुशील मोदी के हाशिये पर जाने की चर्चा विरोधियों ने कई बार की. उनकी पार्टी के लोगों ने उन्हें हाशिए पर भेजा भी. लेकिन अगर उनके कद की बात की जाए, तो ये देखने वाली बात है कि बिहार से निकलते ही कितना बड़ा परिवर्तन हो गया. इस बात का प्रमाण नीतीश का ये कहना है कि सुशील मोदी होते, तो बात अलग होती.

### बिहार से दिल्ली पहुंचे सुशील मोदी

लेकिन ठीक इसी समय पार्टी में ही सुशील मोदी के विरोधी उन पर हावी होने लगे. शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें राज्यसभा सदस्य बनाकर दिल्ली रवाना कर दिया. सियासी जानकार बताते हैं कि सुशील मोदी के पास बिहार बीजेपी की रीढ़ है. उनके पास बिहार की राजनीतिक के अलावा उन सभी बातों की जानकारी है, जो बिहार में अन्य बीजेपी नेताओं के पास नहीं है. वो तोल कर बोलते हैं. उनकी बात को नीतीश कुमार ध्यान से सुनते थे. सुशील मोदी के नाराज हो जाने के बाद नीतीश कुमार कई बार अपने जदयू नेताओं पर लगाम लगाते थे. सुशील मोदी तथ्य में मजबूत थे और बिहार बीजेपी को संभालने की कला उनमें थी. इस बार बीजेपी से बहुत बड़ी चूक हुई, सुशील मोदी को बिहार से हटाया और अब परिणाम देख लीजिए. सरकार हाथ से निकल गई.

### लालू परिवार के सदस्यों पर लगाए आरोप

05 मई 2017 की प्रेस कांफ्रेंस में सुशील मोदी ने लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव पर आरोप लगाया कि उसने गलत तरीके से पेट्रोल पंप का आवंटन लिया है. इसके बाद एजेंसिया सक्रिय हो गयीं और कानूनी कार्रवाई होने लगी. सुशील मोदी यहीं नहीं रुके और लगातार मीडिया के माध्यम से लालू पर हमला बोलते रहे. उन्होंने 20 जून की प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि लालू की पत्नी राबड़ी देवी 18 फ्लैटों की मालकिन हैं. 04 जुलाई को कहा कि लालू के बड़े बेटे तेज प्रताप को महज तीन साल की उम्र में सेवा के बदले 13 एकड़ जमीन दान में मिली. 06 जुलाई को उन्होंने राजद नेता कांति सिंह, रघुनाथ झा और बाकी लोगों से दान में मिली जमीन का खुलासा किया.

इन खुलासों के बाद नीतीश कुमार को तेज प्रताप यादव और तेजस्वी यादव के साथ गठबंधन खत्म करने के लिए मजबूर होना पड़ा और 2015 के विधानसभा चुनावों से पहले बना महागठबंधन धराशायी हो गया. सुशील मोदी ने वन मैन आर्मी बनकर ये काम किया और नीतीश दोबारा बीजेपी के साथ आए. इसके बाद 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग ने अच्छा परफॉर्म किया. नीतीश ने 2020 का विधानसभा चुनाव भी बीजेपी के साथ लड़ा.

### धराशायी किया था महागठबंधन

साल 2017 का वो वक्त आपको याद है, जब लालू प्रसाद यादव के परिवार पर आरोपों की बौछार होने लगी. उस वक्त नीतीश कुमार महागठबंधन में शामिल थे. सुशील मोदी ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल किया. लालू परिवार की बेनामी संपत्ति के खुलासे के मामले में उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस की झड़ी लगा दी. उन दिनों में पार्टी विरोधियों के निशाने पर रहने वाले मोदी की इस काबिलियत को पार्टी के केन्द्रीय नेतृत्व को भी मानना पड़ा. सुशील मोदी की वजह से नीतीश कुमार महागठबंधन से अलग हुए, लेकिन जब उन्हीं को नीतीश के साथ डिप्टी सीएम नहीं रहने दिया गया, तो उसका परिणाम सत्ता गंवाने के रूप में आया.

सुशील मोदी की 4 अप्रैल 2017 की प्रेस कॉन्फ्रेंस कौन भूल सकता है भला, लालू परिवार तो कतई नहीं. तब मॉल की मिट्टी को अवैध तरीके से पटना जू को बेचने का सबसे पहला मामला उजागर हुआ. फिर क्या था, सुशील मोदी ने इस मामले को लपका और दूसरे ही दिन मिट्टी घोटाले का आरोप लगाते हुए सबूत के साथ प्रेस कांफ्रेंस कर दी. मामले की जांच होने लगी, तब तक सुशील मोदी के पास अन्य स्रोतों से लालू परिवार की बेनामी संपत्ति का और विवरण हाथ लग गया. सुशील मोदी ने अपने हमले जारी रखे. इसके बाद 11 अप्रैल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुशील मोदी ने कहा- यह तो शुरुआत है।

# कोई पेट्रोल-डीजल भी मुफ्त कर सकता है




» दोस्तों का कर्ज माफ करने से होता है धोखा
» कर्ज माफ नहीं होते तो देश घाटे में नहीं जाता
» रायशुमारी हो कि टैक्स का पैसा कहां खर्च हो

**नई दिल्ली, 10 अगस्त 2022।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को एक बार फिर %रेवड़ी कल्चर% को लेकर हमलावर दिखे. उन्होंने किसी नाम लिए बगैर ही %मुफ्त% की राजनीति को लेकर तंज कसा और इसे पेट्रोल-डीजल तक से जोड़ दिया. पीएम मोदी पानीपत में इथेनॉल के एक प्लांट के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि अगर राजनीति में ही स्वार्थ होगा, तो कोई भी आकर पेट्रोल-डीजल भी मुफ्त देने की घोषणा कर सकता है. ऐसे कदम हमारे बच्चों से उनका हक छीनेंगे, देश को आत्मनिर्भर बनने से रोकेंगे. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहीं नहीं रुके, और उन्होंने आगे भी अपना हमला जारी रखा. उन्होंने कहा कि ऐसी स्वार्थ भरी नीतियों से देश के ईमानदार टैक्स पेयर का बोझ भी बढ़ता ही जाएगा. उन्होंने इशारों ही इशारों में इसे राजनीति में सफल होने का शॉर्ट-कट करार दिया और बोले, %शॉर्ट-कट अपनाने से शॉर्ट-सर्किट अवश्य होता है. शॉर्ट-कट पर चलने के बजाय हमारी सरकार समस्याओं के स्थाई समाधान में जुटी है. पराली की दिक्कतों के बारे में भी बरसों से कितना कुछ कहा गया. लेकिन शॉर्ट-कट वाले इसका समाधान नहीं दे पाए.

### दोस्तों का कर्ज माफ करने से होता है धोखा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस बयान पर आम आदमी पार्टी के प्रमुख और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने बोला-अभी थोड़ी देर पहले मैंने सुना यह कहा गया है कि अगर जनता को फ्री सुविधा दी जाएगी तो इससे देश को नुकसान होगा. इससे देश को जो टैक्स देते हैं उनके साथ धोखा होगा.मुझे लगता है कि टैक्सपेयर के साथ धोखा तब होता है जब उनसे टैक्स लेकर और उसके पैसे से अपने चंद दोस्तों के बैंकों के कर्ज माफ किए जाते हैं. तो टैक्सपेयर देखते हैं सोचते हैं कि पैसा तो मुझसे लिया था. यह कह कर लिया था कि सुविधाएं बनाएंगे. पर मेरे पैसे से अपने दोस्तों के कर्ज माफ कर दिया.

अरविंद केजरीवाल ने कहा- टैक्सपेयर के साथ धोखा इससे नहीं होता है कि उनके बच्चों को अच्छी शिक्षा निःशुल्क शिक्षा देते हैं. टैक्सपेयर के साथ धोखा इससे नहीं होता है कि देश के लोगों का अच्छा और निःशुल्क इलाज कराते हैं. टैक्सपेयर के साथ धोखा तब होता है जब हम अपने दोस्तों के 10 लाख करोड़ों रुपए के कर्ज माफ कर दिए जाते हैं।

### जीएसटी लगाने को लेकर साधा निशाना

अरविंद केजरीवाल ने आटे, दूध और दही जैसी रोजमर्रा की जरुरतों पर व्रस्त्र लगाने को लेकर भी केन्द्र सरकार को आड़े हाथों लिया. उन्होंने कहा कि पूरे देश के अंदर खाने के चीजों पर जीएसटी लगा दिया, दूध पर जीएसटी लगा दिया. दही पर जीएसटी लगा दिया. अपने दोस्तों के टैक्स माफ कर दिए. उन्हें टैक्स में रियायत दे दी तो एक आम आदमी सोचता है कि हमसे तो धोखा हो गया. अगर अपने दोस्तों के 10 लाख करोड़ो रुपए के कर्ज माफ नहीं किए जाते तो देश आज घाटे की स्थिति में नहीं होता. मांग है कि देश के अंदर रायशुमारी हो कि क्या सरकारी पैसा एक परिवार के लिए इस्तेमाल होना चाहिए. क्या सरकारी पैसा कुछ चंद दोस्तों के लिए इस्तेमाल होना चाहिए. या सरकारी सुविधाएं इस देश के लिए अच्छी सुविधाएं,अच्छी सड़क, अच्छी शिक्षा स्वास्थ्य के लिए होनी चाहिए.

## यूपी फिल्म विकास बोर्ड के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव को दिल का दौरा पड़ा



**कानपुर 10 अगस्त 2022।** कॉमेडियन राजू श्रीवास्तव को बुधवार सुबह दिल का दौरा पड़ा है। उनके भतीजे मयंक श्रीवास्तव ने बताया कि वह रोज की तरह सुबह उठकर अपने घर पर ही ट्रेडमिल पर रनिंग कर रहे थे, तभी अचानक सीने में दर्द होने लगी। असहनीय पीड़ा होने पर घर वाले दिल्ली एम्स लेकर गए और भर्ती कराया। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। पल्स वापस आने से उनके चाहने वालों ने राहत की सांस ली है। हालांकि अभी तक अस्पताल प्रशासन की तरफ से मेडिकल बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। राजू श्रीवास्तव के हार्ट अटैक की पुष्टि उनके भतीजे मयंक श्रीवास्तव ने की है। उन्होंने बताया कि चाचा एम्स में भर्ती हैं। उनकी तबीयत के बारे में उन्होंने बताया कि अभी वह कुछ भी बताने की स्थित में नहीं हैं। जैसे से उनकी डॉक्टर से बात होगी, जानकारी देंगे।

## हैदराबाद में भोला के सेट पर चोटिल हुईं अभिनेत्री तब्बू



**मुंबई ,10 अगस्त 2022।** बुधवार की सुबह अभिनेत्री तब्बू, जो अजय देवगन की एक्शन फिल्म भोला में एक निडर, उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही है, एक साहसी स्टंट करते हुए बाल-बाल बची। यह उन फिल्मों में से एक है जिसमें तब्बू, अजय देवगन के साथ कई स्टंट करती नजर आएंगी। सूत्रों का कहना है कि, यह घटना एक एक्शन सीन के दौरान हुई जब ट्रक और मोटरसाइकिल की आपस में भिड़ंत हो गई।

# नूपुर शर्मा की गिरफ्तारी पर जारी रहेगी रोक,सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली ट्रांसफर की सभी एफआईआर



**नई दिल्ली, 10 अगस्त 2022।** नूपुर शर्मा को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिल गई है. अब उनके खिलाफ तमाम स्नढ्ढक्र को दिल्ली ट्रांसफर किया जाएगा. लंबे समय से नूपुर मांग कर रही थीं कि उनके खिलाफ दर्ज शिकायतों को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया जाए, अब कोर्ट ने भी इसी दिशा में फैसला सुना दिया है.

सुप्रीम कोर्ट ने नूपुर शर्मा को कहा कि उनके खिलाफ दर्ज स्नढ्ढक्रह्य को रद्द करने की मांग को लेकर वो दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करें. सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश से नूपुर के खिलाफ दर्ज सभी स्नढ्ढक्रह्य को दिल्ली पुलिस को सौंप दिया. दिल्ली पुलिस अब मामले की जांच करेगी.

कोर्ट ने अपने आदेश में इस बात को स्वीकार किया है कि नूपुर शर्मा की जान को खतरा है, ऐसे मामले सामने आए हैं जिन्हें देख इस बात की पुष्टि होती है. इसी वजह से सभी स्नढ्ढक्र दिल्ली ट्रांसफर की जा रही हैं. इस बात पर भी जोर दिया गया है कि दिल्ली पुलिस काफी प्रशिक्षित है और वो सभी स्नढ्ढक्र की जांच साथ में कर सकती है.

अदालत ने इस बात पर भी जोर दिया है कि हम जांच एजेंसियों पर कोई शर्त नहीं रखना चाहते. यदि ढ्ढस्नस्ह्र को लगता है कि कुछ सहायता की आवश्यकता है या राज्य एजेंसियों से जानकारी की आवश्यकता है, तो वे इसके लिए सहायता ले सकते हैं.

# कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या का बदला पूरा,सेना ने आतंकी लतीफ को मार गिराया

» मई में की गई थी राहुल भट की हत्या
» घाटी में कश्मीरी पंडितों ने किया था प्रदर्शन

**जम्मू, 10 अगस्त 2022।** जम्मू-कश्मीर में कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या करने वाले आतंकी को सेना ने एनकाउंटर में ढेर कर दिया है. सेना ने मुठभेड़ में कुल तीन आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया है. ये तीनों ही लश्कर ए तैयबा के आतंकी थे.

अब सेना की ये कार्रवाई इसलिए मायने रखती है क्योंकि इसमें आतंकी लतीफ राथर को भी मौत के घाट उतार दिया गया है. लंबे समय से सुरक्षाबल उसकी गतिविधियों पर नजर बनाए हुए थे, उसने घाटी में कई हत्याओं को अंजाम दिया था, राहुल भट की हत्या भी उसी ने की थी. लेकिन बुधवार को सेना को पुख्ता इनपुट मिला कि लतीफ और उसके साथी बडगाम में हैं, ऐसे में तय रणनीति के तहत एक्शन लिया गया और मुठभेड़ में तीनों आतंकी ढेर कर दिए गए.



मारे गए तीनों आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक भी बरामद किए गए हैं. अभी के लिए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है. राहुल भट की बात करें तो इसी साल मई महीने में आतंकी ने उन्हें मौत के घाट उतार दिया गया था. राहुल राजस्व विभाग में काम किया करते थे, लेकिन आतंकियों ने 12 मई को उन्हें गोलियों से भून दिया.

उस हत्या के बाद से ही घाटी में माहौल काफी तनावपूर्ण बन गया था. लंबे समय बाद कश्मीर से पंडितों का पलायन देखने को मिला था. ज्यादातर कश्मीरी पंडित जम्मू की ओर अग्रसर हो गए थे. सड़कों पर बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन भी देखने को मिले. तब राहुल भट के लिए तो न्याय मांगा ही गया था, मोदी सरकार के खिलाफ भी नारे लगाए गए थे. आरोप लगाया गया कि कश्मीरी पंडितों को सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दी गई.

वैसे जानकारी के लिए बता दें कि पिछले कुछ महीनों से लगातार आतंकियों द्वारा टारगेट किलिंग की जा रही है. कश्मीरी पंडितों के अलावा बाहरी मजूदर, सरपंचों को निशाना बनाया जा रहा है. पूरा प्रयास हो रहा है कि घाटी में माहौल को खराब किया जाए. लेकिन सेना भी ऑपरेशन ऑलआउट के जरिए इन आतंकियों को मंसूबों को लगातार विफल कर रही है.

आंकड़े बताते हैं कि 370 हटने के बाद से घाटी में आतंकी घटनाओं में कमी देखने को मिली है. इनमें लॉ एंड ऑर्डर की घटनाएं जो 5 अगस्त 2016 से 4 अगस्त 2019 के बीच में 3686 हुई थीं, 5 अगस्त 2019 से 4 अगस्त 2022 के बीच में सिर्फ 438 ही हुई. इसके अलावा लॉ एंड ऑर्डर की घटनाओं में 370 हटाए जाने से तीन साल पहले 124 नागरिकों की मौत हुई थी, जो स्पेशल स्टेटस हटाए जाने के बाद शून्य हो गई।

# राखी पर बहन का भाई को अनोखा गिफ्ट,किडनी दान कर बचाई जिंदगी

» सर्जरी से डरने के बाद भी किडनी दान
» बहन ने कहा इस बार डिजिटल होगा त्योहार



**नई दिल्ली, 10 अगस्त 2022।** एक बहन ने अपने भाई को किडनी दान कर नया जीवन दिया है. जब पूरे भारत में अनेक परिवार भाई-बहन के त्योहार रक्षा बंधन की तैयारियों में जुटे हैं वहीं ऐसे समय में एक शख्स और उनकी बहन, भाई बहन के अनूठे प्रेम की नई गाथा लिख रहे हैं।

गुड़गांव में रह रहे 29 वर्षीय पटकथा लेखक अमन बत्रा 2013 से ही गुर्दे की बीमारी से ग्रस्त थे. वे अब नौ साल बाद डायलिसिस से मुक्त हो गये हैं. उनके माता-पिता गुर्दा दान करने में असमर्थ थे, जिसके बाद यह जिम्मा उनकी बहन चंद्रा ग्रोवर (38) ने उठाया. उनकी बहन अपने पति के साथ न्यूजीलैंड में रहती हैं. न्यूज एजेंसी ने यह यह जानकारी दी है।

# 31 से हटाई जाएगी घरेलू हवाई किराए की सीमा:सिंधिया

**नई दिल्ली, 10 अगस्त 2022।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 2020 में कोरोना के शुरुआती दिनों के दौरान लगाए गए हवाई टिकटों पर किराये की सीमा को वापस लेने का फैसला किया है। मंत्रालय ने कहा कि किराए की सीमा 31 अगस्त, 2022 से हटा दी जाएगी।

बुधवार को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ट्वीट किया कि हवाई किराए की सीमा को हटाने का निर्णय दैनिक मांग और एयर टर्बाइन ईंधन की कीमतों के सावधानीपूर्वक विश्लेषण के बाद लिया गया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अब स्थिरता आनी शुरू हो गई है और हम निश्चित हैं कि यह क्षेत्र निकट भविष्य में घरेलू यातायात में वृद्धि के लिए तैयार है।





इसके साथ ही मंत्रालय ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि अनुसूचित घरेलू परिचालन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के बाद हवाई यात्रा के लिए यात्री की मांग 31अगस्त, 2022 से हवाई किराए के संबंध में समय-समय पर अधिसूचित किराया बैंड को हटाने का निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने इस आदेश की एक कॉपी भी ट्विटर पर अटैच की है।

हवाई किराए की सीमा 21 मई, 2020 को मंत्रालय द्वारा तय की गई थी। तब दिल्ली-मुंबई फ्लाइट टिकट की कीमत 3,500 रुपये से 10,000 रुपये के बीच थी। उड़ानों की अवधि को सात श्रेणियों में विभाजित किया गया था 0-30 मिनट, 30-60 मिनट, 60-90 मिनट, 90-120 मिनट, 120-150 मिनट, 150-180 मिनट और 180-210 मिनट।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय के आदेश में कहा गया है कि एयरलाइंस / ऑपरेटरों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोरोना के प्रसार को रोकने के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए और उचित व्यवहार को सख्ती से लागू किया जाए। सभी कोरोना प्रोटोकॉल के साथ घरेलू विमानों के संचालन में वृद्धि देखी जा रही है। मंत्रालय ने कहा कि मंगलवार को घरेलू उड़ानों में 632,187 यात्रियों ने उड़ान भरी।

CMYK

संपादकीय

# व्यापार घाटा, समाधान ढूंढे

तात्कालिक कोई बड़ी चुनौती भारत के सामने नहीं है। लेकिन महंगाई और मंदी का जो ट्रेंड है, उसके दीर्घकालिक होने के हालात हैं। ऐसे में निश्चिंत होना सही नजरिया नहीं होगा।

बीते जून में भारत के व्यापार घाटे का रिकॉर्ड बना था, जब ये घाटा 26 बिलियन डॉलर से अधिक दर्ज हुआ। तभी उसे चेतावनी की एक घंटी बताया गया था। लेकिन जुलाई में तो बाद उससे बहुत आगे बढ़ गई। ये घाटा 31 बिलियन डॉलर से भी आगे चला गया है। इसके साथ ही एक और चिंताजनक पहलू यह रहा कि भारत के निर्यात में 12 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। अब जबकि अमेरिका और यूरोप पर मंदी का साया गहरा रहा है, तो आशंका है कि उससे भारत के निर्यात पर और खराब असर पड़ेगा। जबकि आयात बिल को घटाने का कोई रास्ता निकलता नहीं दिख रहा है। पेट्रोलियम और अन्य कॉमोडिटी की महंगाई से पहले जितनी ही चीजें मंगाने पर ज्यादा विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ रही है। यह आसन्न बड़ी समस्या का संकेत है। यह ठीक है कि अभी भारत के पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है। इसलिए तात्कालिक कोई बड़ी चुनौती सामने नहीं आएगी। लेकिन दुनिया की तमाम संस्थाएं और विशेषज्ञ चेतावनी दे रहे हैं कि अभी महंगाई और मंदी का जो ट्रेंड है, उसके दीर्घकालिक होने के हालात हैं। ऐसे में भविष्य में गंभीर चुनौती अवश्य सामने आएगी।


इसलिए अभी से सतर्क होने की जरूरत है। गौरतलब है कि देश में अधिक डॉलर लाने के लिए सरकार ने जो दो उपाय घोषित किए थे (कंपनियों के डॉलर में कर्ज लेने की सीमा को दो गुना करना और अनिवासी भारतीयों की रकम आकर्षित करने के लिए बैंकों को ब्याज दर में लचीलापन अपनाने की छूट देना), उनसे कोई उल्लेखनीय लाभ नहीं हुआ है। ऐसे में जरूरत इस बात की है कि व्यापार घाटे को नियंत्रित करने के सख्त उपाय किए जाएं। अगर जरूरी हो, तो इस मकसद से लग्जरी गुड्स का आयात घटाने के कदम उठाए जाने चाहिए। एक बड़ी समस्या यह है कि देश में छोटे और मध्यम उद्योगों के कमजोर हो जाने के कारण छोटी चीजें भी आयात करनी पड़ रही हैं। इसका फायदा चीन को मिला है। चीन से आयात-निर्यात के जुलाई के आंकड़े अभी नहीं आए हैं। लेकिन पिछले महीनों में ट्रेंड भारत का व्यापार घाटा बढ़ने का रहा है। तो इस मसले पर समग्रता से विचार होना चाहिए, ताकि अभी से कोई ठोस हल ढूंढा जा सके।

## मेरे मन की मधुशाला में


पुष्पा स्वाती
मुम्बई


तेरी यादों के जाम छलकते
देख जिन्हें हम जी लेते हैं
घूंट घूंट करके हैं पीते
मेंरे मन की मधुशाला में
तेरी यादों के जाम छलकते
लड़खड़ाते हैं कदम
जब तुम ख़यालों में हो आते
एक नशा बनकर
मेंरी इन दो निगाहों में समाते
ऐसा सुरुर छाया दिल पर
देखूं जिधर तुम्हीं तुम दिखते
मेंरे मन की मधुशाला में
तेरी यादों के जाम छलकते
साथी नशा सुरीला ऐसे
तन मन को है झंकृत करता
धड़कन की लय पर
तेरे कदमों की आहट को सुनता
थरथराते लब मेंरे भी
जब तुम आते गुनगुनाते
मेंरे मन की मधुशाला में
तेरी यादों के जाम छलकते

## रूमानी हो जाएँ


प्रियंका
अग्निहोत्री गीत
वाराणसी उत्तरप्रदेश

चांदनी रात में, हाथ लिए हाथ में
आओ साहिलों पे टहल आएँ
फिर से कुछ रूमानी हो जाएँ
मैं कहूँ तुमसे, या खामोशी चुनूँ
तुम्हारी आँखों के फसाने सुनूँ
अपनी भी आँखों में ख़्वाब बुनूँ
आँखों से पढ़ें, कहानी हो जाएँ
फिर से कुछ रूमानी हो जाएँ
एक दिल से उठ कर लहरें
दूजे दिल को जा कर ठहरें
जज़्बात को न कोई पहरे
इक राब्ता रूहानी हो जाएँ
फिर से कुछ रूमानी हो जाएँ

## सलीका


ओमप्रकाश बिन्जवे
राजसागर
भोपाल मध्यप्रदेश

हँस के सहे जमाने के सितम,
फिर भी जमाने ने हम से कहा,
मुझे जीने का सलीका न आया,
आँसू बहाये,तो शिकायत हुई,
मेरी तबस्सुम से जमाना जला,
मुझे जीने का सलीका न आया,
जिस आईने में तेरी तस्वीर न थी,
हम ने तोड दिया वो आईना,
मुझे जीने का सलीका न आया,
हर किसी से,हम खुल के मिले,
हम न समझे,कौन अपना पराया,
मुझे जीने का सलीका न आया,
उनके हर झूठ को सच समझे,
हर बार मुझे फरेब ही मिला,
मुझे जीने का सलीका न आया,

# युकां का चुनाव रहा काफी दिलचस्प कुत्ते-बिल्लियों को भी बनाया गया सदस्य

» क्या युकां चुनाव कुत्ते व बिल्ली को सदस्य बनाने के लिए हुआ था?

» 17 लाख में से 9 लाख कुत्ते-बिल्ली व अन्य रहे सदस्य,जिन की सदस्यता हुई रद्द।

» युवक कांग्रेस के चुनाव में आखिर किसके पक्ष में पड़ा कुत्ता-बिल्ली का मत।

» युवा कांग्रेस के प्रत्याशी अपने पक्ष में मतदान कराने के चक्कर में जिसे चाहा उसे बांटा ऐप और पड़े फर्जी मत जिम्मेदार कौन?

» सदस्यता में फर्जीवाड़ा युवक कांग्रेस के चुनाव के लिए बनाए गए 17 लाख सदस्यों की हुई थी स्क्रूटनी।

» युकां से नौ लाख कुत्ते-बिल्लियों की सदस्यता हुई रद्द,कुत्ता-बिल्ली को युवा कांग्रेस सदस्य बना कराया मतदान।

» फर्जीवाड़े के कारण बेरोजगार युवाओं की जेब से करीब साढ़े चार करोड़ रुपये चले गए।


रवि सिंह
कटकोना
छत्तीसगढ़

प्रदेश कांग्रेस ने इस बार युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का चुनाव कराने के लिए ऑनलाइन वोटिंग करा रही थी। इस वोटिंग में जुड़ते हर सदस्य के साथ 50 रुपए कांग्रेस कोष को जा रहे थे, जिसमें प्रत्याशी को प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष बनना था, सभी अपनी बॉडी तैयार कर बड़े पैमाने पर ऑनलाइन वोटिंग करा कर अपने आप को विजय घोषित करना चाह रहे थे। विजय घोषित करने के चक्कर में कई गुट हो गए थे, ऐसा लग रहा था चुनाव युवा कांग्रेस का नहीं प्रदेश सरकार चुनने का है। जोर शोर से युवा मेहनत कर रहे थे और इस चुनाव में अच्छे दोस्त भी विरोधी बन गए थे। वह भी सिर्फ पद की लालसा में, जिसे पाया उसे ऐप बांटा और उस ऐप में वोटिंग हुई। जब अब एक अखबार ने खुलासा किया कि 17 लाख मत युवा चुनाव में आए जिसमें से 9 लाख सदस्य कुत्ते बिल्ली बने, जिन्हें रद्द कर दिया गया है। पर सवाल यह है कि आखिर यह 9 लाख सदस्य कुत्ते बिल्ली कहां से बने और किसके पक्ष के लिए बने। यदि इसे खंगाला जाए तो बहुत सारी चीजें साफ होंगी। एक तो 50 रुपए जमा होने के चक्कर में कुत्ता-बिल्ली सब सदस्य बन गए। वही आखिर कांग्रेस के सच्चे सिपाही बनने वाले युवा कांग्रेस के प्रत्याशी कौन थे, जिन्होंने अपने पक्ष में कुत्ते-बिल्ली को भी सदस्य बनाकर जीत हासिल करना चाह रहे थे? यदि कांग्रेस चाहे तो इन 9 लाख लोगों को पता कर सकती है कि किसके पक्ष में यह कुत्ता बिल्ली व अन्य के फोटो के साथ सदस्यता हुई?

एक प्रतिष्ठित अखबार की माने तो 17 लाख में से 9 लाख सदस्यता रद्द हो गई अब 8 लाख सदस्यता में प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष छत्तीसगढ़ के युवा कांग्रेस के





प्रत्याशी बनेंगे, यह भी 8 लाख किसके पक्ष में पड़ा है। यह बहुत बड़ा सवाल है?? भले ही 9 लाख सदस्यता रद्द हो गई हो पर कांग्रेस के खाते में पूरे 17 लाख की सदस्यता शुल्क जमा हो गई, युवक कांग्रेस चुनाव में फर्जी सदस्यता करने वालों का भंडाफोड़ हो गया है। कुत्ते-बिल्ली समेत अन्य जानवर, पेड़ और तालाब की फोटो अपडेट करके सदस्य बनाने वालों को युकां के केंद्रीय संगठन ने बड़ा झटका दिया है। इस मोर्चे के चुनाव में 17 लाख सदस्य बनाए गए थे, इसमें से करीब नौ लाख सदस्यता को निरस्त कर दिया गया है। युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जांच कराई तो पता चला कि एप में नौ लाख सदस्यों के स्थान में फर्जी तरीके से सदस्यता दी गई थी। इसके बाद केंद्रीय संगठन ने स्क्रूटनी का निर्देश दिया था। हालांकि अब तक चुनाव परिणाम घोषित नहीं हुआ है। अभियान में आठ सेकंड का वीडियो बनाना था। इसमें भी पेड़-पौधों का वीडियो बनाकर डब आवाज के सहारे वीडियो तैयार किया गया। सदस्यता के मामले में युकां ने महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्य को भी पीछे छोड़ दिया था। एक जिला ऐसा भी है जहां 1,22,000 सदस्य बने थे जिनमें से 84 हजार रिजेक्ट हो गए। अध्यक्ष पद के लिए 12 और प्रवेश महासचिव पद के लिए 135 उम्मीदवार के करीब नौ लाख सदस्यता रिजेक्ट की गई है। फोटो का मिलान मतदाता सूची से न होने, वोटर आइडी संख्या में गड़बड़ी, गलत फार्म भरने, गलत वीडियो बनाने वालों की सदस्यता खत्म की गई है। केंद्रीय संगठन ने स्क्रूटनी के माध्यम से उन नेताओं को सख्त संदेश देने की काशिश की है जो किसी भी तरीके से चुनाव जीतना चाहते थे। युकां के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद आश्वासन दिया था कि एक-एक सदस्यता की जांच कराई जाएगी। ज्ञात हो कि 12 मई से 12 जून तक युवक कांग्रेस की सदस्यता अभियान के साथ ही चुनाव भी हुआ था। चुनाव एक एप के माध्यम से आनलाइन किया गया था। फ़र्जीवाड़े के कारण युवाओं की जेब से करीब साढ़े चार करोड़ रुपये चले गए। सदस्यता के लिए 50 रुपये की फीस रखी गई थी। एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या रद्द की गई सदस्यता की फीस प्रति सदस्य 50 रूपए युवाओं को वापस की जाएगी या यह राशि पार्टी के राजकोष में समा जाएगी?

## रक्षाबंधन


सोनल सिंह सोनू
दुर्ग छत्तीसगढ़

भाई बहन के प्रेम का पावन यह त्यौहार,
रक्षाबंधन सब कहे आये साल में एक बार।
भाई की कलाई में सजे बहन का प्यार,
बहन पायें उपहार,दे आशीष हजार।
यूँ तो भाई बहन में होती रहती हँसी ठिठोली,
सबसे ज्यादा रोये भाई,जब उठे बहन की डोली।
बहन की रक्षा खातिर भाई जग से लड़ जाये,
बहन भी अपने भाई के सारे नाज़ उठाये।
है इनका रिश्ता अलबेला होती रहती तकरार,
एक-दूजे बिन रह न पाये इनमें होता अटूट प्यार।

## क्षणिकाएँ


गरिमा राकेश
गौत्तम गर्विता
कोटा राजस्थान

मैं कहानी हूँ या तुम कहानी हो
या कहानी में हम-तुम हैं।
किस्सों से भरी जिंदगी का
तुम वो अनमोल हिस्सा
जो मुझे साँसों से भी
ज्यादा प्यारा हैं।
मेघ आए बड़े बन-ठन
सवँर के, धरा को सजाए।

## राखी का त्यौहार


केशी गुप्ता
द्वारका नईदिल्ली

राखी का त्यौहार भाई बहन का प्यार
धागे से बंधा रक्षा का है वादा
पवित्रता की है पहचान
बचपन से होता शुरू
रहता उम्र भर साथ
सुख में दुख में एक दूजे के
करें एक दूजे को याद
बड़े होकर शादी हो जाए जब
बट जाए परिवार
फिर भी ना बट पाए जो
वह भाई बहन का प्यार
मायके की अनुभूति देता
भाई का घर परिवार
बड़ी बहन की छाया में
मां जैसा एहसास
छोटी हो तो बेटी जैसी
घर भर की होती शान
छोटा भाई बेटे जैसा
करता भरपूर मान सम्मान
धागे का बंधन बांधे रखें
चाहे कितनी हो तकरार
राखी का त्यौहार
भाई बहन का प्यार

## राखी का त्यौहार


टीकेश्वर सिन्हा
गब्दीवाला
बालोद छत्तीसगढ़

सुंदर सी वाटिका।
नव कोमल लतिका।
चौमासे का उपहार है,
राखी का त्यौहार।
एक अनूठी परंपरा। सभ्यता से भरा।
संस्कृति का श्रृंगार है,
राखी का त्यौहार।
मात-पिता का नेह।
भाई-बहन का स्नेह।
खुशियों का भंडार है,
राखी का त्यौहार।
परवत सा अटल। निर्झर सा चल।
नदी की बहती धार है,
राखी का त्यौहार।
कीचड़ से यारी।
वर्षा-सी बड़ी न्यारी।
सावन की फुहार है,
राखी का त्यौहार।
सीख देता अशेष। घर समाज देश।
प्रेमचंद का कथासार है,
राखी का त्यौहार।

# आज भी प्रासंगिक है भाई बहन का त्यौहार-रक्षा बंधन


लाल बिहारी लाल
नई दिल्ली

भारत एकता में अनेकता का देश है जहां भिन्न-भिन्न धर्मों एंव मतों के लोग रहते हैं। यहां अनेक धार्मिक त्योवहार भी मनाये जाते है। उन्ही त्योवहारों में एक त्यौहार है -रक्षा बंधन । रक्षा बंधन हिन्दुओं एवं जैनियो का एक महत्वपूण त्यौवहार है। जो भाई-बहन के रिश्तों पर आधारित है। इसे हर साल सावन मास के पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। रक्षा बंधन में रक्षा सूत्र या राखी का बहुत ही महत्व है। ये राखी आजकल अलग-अलग रुपों में देखने को मिल रहा है। कही धागे का तो कही सोने का तो कहीं चांदी के भी मिल रहे है। यह पर्व भाई-बहन के रिश्तों को मजबूत बनाता है। बहनें भाई को इस दिन रक्षा के रुप में भाई के कलाई पर राखी या रक्षा सूत्र बांधती है। और ललाट पर रोली का तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाती है और आरती उतारती है, आरती उतारते समय प्रभू से अपने भई की रक्षा के लिए प्रार्थना करती है। और भाई अपने बहन को रक्षा का वचन देता है। इतिहास में इसके कई उदाहरण विद्यमान है।

राखी का त्योहार कब शुरू हुआ यह कोई नहीं जानता। लेकिन भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नज़र आने लगे तब भगवान इन्द्र घबरा कर देवो के गुरु बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति इन्द के हाथ पर बाँध दिया और युद्ध में देव विजयी हुए। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। ऐसा विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे



की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बाँधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। पौरानिक काल में राजा जब युद्ध पर जाते थे तो क्षत्राणियां उन्हें रक्षा-सूत्र या राखी बांधती थी।

दूसरी कथा इतिहास मे कृष्ण और द्रौपदी की कहानी प्रसिद्ध है, जिसमे युद्ध के दौरान श्री कृष्ण की उंगली घायल हो गई थी, श्री कृष्ण की घायल उंगली को द्रौपदी ने अपनी साड़ी को फाड़कर एक टुकड़ा बाँध दिया था, और इस उपकार के बदले श्री कृष्ण ने द्रौपदी को किसी भी संकट मे द्रौपदी की सहायता करने का वचन दिया था। और समय आने पर द्रौपदी को चीर हरण से बचाया भी। स्कन्ध पुराण, पद्मपुराण और श्रीमद्भागवत में वामनावतार नामक कथा में रक्षाबन्धन का प्रसंग मिलता है। कथा कुछ इस प्रकार है- दानवेन्द्र राजा बलि ने जब 100 यज्ञ पूर्ण कर स्वर्ग का राज्य छीनने का प्रयत्न किया तो इन्द्र आदि देवताओं ने भगवान विष्णु से प्रार्थना की। तब भगवान विष्णु वामन अवतार लेकर ब्राह्मण का वेष धारण कर राजा बलि से भिक्षा माँगने पहुँचे। गुरु शुक्राचार्य के मना करने पर भी बलि ने तीन पग भूमि दान कर दी। भगवान ने तीन पग में सारा आकाश पाताल और धरती नापकर राजा बलि को रसातल में भेज दिया। इस प्रकार भगवान विष्णु द्वारा बलि राजा के अभिमान को चकनाचूर कर देने के कारण यह त्योहार बलेव नाम से भी प्रसिद्ध है । कहते हैं एक बार बाली रसातल में चला गया तब बलि ने अपनी भक्ति के बल से भगवान को रात-दिन अपने सामने रहने का वचन ले लिया। भगवान विष्णु के घर न लौटने से परेशान लक्ष्मी जी को नारद जी ने एक उपाय बताया। उस उपाय का पालन करते हुए लक्ष्मी जी ने राजा बलि के पास जाकर उसे रक्षाबन्धन बांधकर अपना भाई बनाया और बली ने उपहार स्वरुप विष्णु को लौटा दिया। और लक्ष्मी जी अपने पति भगवान विष्णु को अपने साथ लेकर विष्णुलोक आ गयीं। उस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा तिथि थी। तभी से यह प्रथा भाई बहन के रक्षा के रुप में प्रसिद्ध है। आधुनिकता के बाद भी इस प्रथा को धूमधाम से आज भी मनाया जाता है।

# रक्षाबंधन:सुरक्षा के विश्वास का प्रतीक पर्व


-योगेश कुमार गोयल
नजफगढ़, नई दिल्ली

रक्षाबंधन का पर्व रक्षा के तात्पर्य से बांधने वाला एक ऐसा सूत्र है, जिसमें बहनें अपने भाईयों के माथे पर तिलक लगाकर जीवन के हर संघर्ष तथा मोर्चे पर उनके सफल होने तथा निरन्तर प्रगति पथ पर अग्रसर रहने की ईश्वर से प्रार्थना करती हैं तथा उनके सुखद जीवन के लिए मंगलकामना करती हैं। भाई इस कच्चे धागे के बदले अपनी बहनों की हर प्रकार की विपत्ति से रक्षा करने का वचन देते हैं और उनके शील एवं मर्यादा की रक्षा करने का संकल्प लेते हैं। वास्तव में भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक पर्व रक्षाबंधन स्नेह, सौहार्द एवं सद्भावना का एक ऐसा पर्व है, जो उन्हें अटूट एकता के सूत्र में बांध देता है। श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की भारतीय समाज और संस्कृति में कितनी महत्ता है, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि बहनों के हाथ अपने भाईयों की कलाईयों पर राखियां बांधने के लिए मचल उठते हैं और कलाई पर बांधे जाने वाले मामूली से दिखने वाले इन्हीं कच्चे धागों से पक्के रिश्ते बनते हैं। पवित्रता तथा स्नेह का सूचक यह पर्व भाई-बहन को पवित्र स्नेह के बंधन में बांधने का पवित्र एवं यादगार दिवस है। इस पर्व को भारत के कई हिस्सों में श्रावणी के नाम से जाना जाता है। पश्चिम बंगाल में 'गुरु महापूर्णिमा', दक्षिण भारत में 'नारियल पूर्णिमा' तथा नेपाल में इसे 'जनेऊ पूर्णिमा' के नाम से जाना जाता है।

रक्षाबंधन मनाए जाने के संबंध में अनेक पौराणिक एवं ऐतिहासिक प्रसंगों का उल्लेख मिलता है। कहा जाता है कि जब देवराज इन्द्र बार-बार राक्षसों से परास्त होते रहे और हर बार राक्षसों के हाथों देवताओं की हार से निराश हो गए तो इन्द्राणी ने बहुत कठिन तपस्या की और अपने तपोबल से एक रक्षासूत्र तैयार किया। यह रक्षासूत्र इन्द्राणी ने देवराज इन्द्र की कलाई पर बांध दिया। तपोबल से युक्त इस रक्षासूत्र के प्रभाव से देवराज इन्द्र राक्षसों को परास्त करने में सफल हुए। तभी से रक्षाबंधन पर्व की शुरूआत हुई। एक उल्लेख यह भी मिलता है कि जब भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया




था, तब उन्होंने एक ब्राह्मण वेश धारण कर अपनी दानशील प्रवृत्ति के लिए तीनों लोकों में प्रसिद्ध राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी और बलि द्वारा उनकी मांग स्वीकार कर लिए जाने पर भगवान वामन ने अपने पग से सम्पूर्ण पृथ्वी को नापते हुए बलि को पाताल लोक भेज दिया। कहा जाता है कि उसी की याद में रक्षाबंधन पर्व मनाया गया।

रक्षाबंधन पर्व से कई ऐतिहासिक प्रसंग भी जुड़े हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से इस पर्व की शुरूआत मध्यकालीन युग से मानी जाती है। भारतीय इतिहास ऐसे प्रसंगों से भरा पड़ा है, जब राजपूत योद्धा अपनी जान की बाजी लगाकर युद्ध के मैदान में जाते थे तो उनके देश की बेटियां उन वीर सैनिकों की आरती उतारकर उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा करती थी तथा वीर रस के गीत गाकर उनकी हौसला अफजाई करते हुए उनसे राष्ट्र की रक्षा का प्रण भी कराती थी। कहा जाता है कि उस जमाने में अधिकांश मुस्लिम शासक हिन्दू युवतियों का बलपूर्वक अपहरण करके उन्हें अपने हरम की शोभा बनाने का प्रयास किया करते थे और ऐसी परिस्थितियों से बचने के लिए राजपूत कन्याओं ने बलशाली राजाओं को राखियां भेजकर उनके साथ भ्रातृत्व संबंध स्थापित कर अपने शील की रक्षा करनी आरंभ कर दी थी। उसी परम्परा ने बाद में रक्षाबंधन पर्व का रूप ले लिया।

चितौड़ की महारानी कर्मावती का प्रसंग तो इस संबंध में विशेष रूप से उल्लेखनीय है। जब गुजरात के शासक बहादुरशाह ने चित्तौड़ पर आक्रमण कर दिया तो चित्तौड़ की महारानी कर्मावती घबरा गई। उन्हें चित्तौड़ के साथ-साथ स्वयं की तथा चित्तौड़ की अन्य राजपूत बालाओं की सुरक्षा का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। कोई उपाय न सूझने पर रानी कर्मावती ने बादशाह हुमायूं को राखी के धागे में रक्षा का पैगाम भेजा और हुमायूं को अपना भाई मानते हुए उनसे अपनी सुरक्षा की प्रार्थना की। बादशाह हुमायूं महारानी कर्मावती का यह रक्षासूत्र और संदेश पाकर भाव विभोर हो गए और अपनी इस अनदेखी बहन के प्रति अपना कर्त्तव्य निभाने तुरन्त अपनी विशाल सेना लेकर चितौड़ की ओर रवाना हो गए लेकिन जब तक वह चितौड़ पहुंचे, तब तक महारानी कर्मावती और चित्तौड़ की हजारों वीरांगनाएं अपने शील की रक्षा हेतु अपने शरीर की अग्नि में आहूति दे चुकी थी। उसके बाद हुमायूं ने महारानी कर्मावती की चिता की राख से अपने माथे पर तिलक लगाकर बहन के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन करने के लिए जो कुछ किया, वह इतिहास के पन्नों पर स्वर्णाक्षरों में अंकित हो गया तथा इसी के साथ रक्षाबंधन पर्व के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय भी जुड़ गया। इस ऐतिहासिक घटना के बाद ही यह परम्परा बनी कि कोई भी महिला या युवती जब किसी व्यक्ति को राखी बांधती है तो वह व्यक्ति उसका भाई माना जाता है।

समय के साथ-साथ रक्षाबंधन पर्व के स्वरूप और मूल उद्देश्य में बहुत बदलाव आया है। तेजी से आधुनिकता की ओर अग्रसर आज के इस भागदौड़ भरे और स्वार्थपरक जमाने में जहां बहनों के लिए अब राखी का अर्थ भाई से महंगे उपहार तथा नकदी इत्यादि पाना हो गया है, वहीं भाई भी अपनी निजी जिन्दगी की व्यस्तताओं के चलते बहनों के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वहन सही ढ़ंग से नहीं कर पाते। ऐसे में यह पवित्र पर्व अब रुपये-पैसे तथा साड़ी, आभूषण व अन्य कीमती उपहारों इत्यादि के लेन-देन का पर्व बनता जा रहा है और भाई-बहन के बीच राखी का मोलभाव होने की वजह से धीरे-धीरे इस पर्व की मूल भावनाएं सिकुड़ रही हैं। कच्चे धागों की जगह रेशम के धागों ने ले ली और अब इन धागों की अहमियत कम होती जा रही है। रक्षाबंधन महज कलाई पर एक धागा बांधने की रस्म नहीं है बल्कि यह भाई-बहन के अटूट स्नेह, पवित्रता और सद्भावना का पर्व है। यह पर्व रिश्तों की पवित्रता और वचनबद्धता का प्रतीक है। इसलिए रक्षाबंधन पर्व को चंद रुपयों या कीमती उपहारों से तोलकर देखना इस पर्व के अंतस में विद्यमान पवित्र भावना का अपमान है।

# भाई-बहन का पवित्र त्यौहार-राखी


प्रिया देवांगन प्रियू
राजिम छत्तीसगढ़

रक्षाबंधन भाई-बहनों का एक पवित्र त्यौहार है। इसे श्रावण मास के पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन का सबको बेसब्री से इंतजार रहता है। बचपन में भाई-बहन कितना भी लड़ते-



झगड़ते हो, लेकिन रक्षाबंधन के दिन सब भूल जाते हैं।

राखी क्या है

---------

राखी केवल रेशम का एक धागा ही नहीं है; अपितु यह एक ऐसी डोर है जिसे बाँधने के बाद भाई-बहन का सम्बंध जन्म-जन्मांतर तक बँध जाता है। इसलिए अगर कोई लड़की किसी लड़के को भाई बनाकर राखी बाँधती है तो उसे जीवन भर निभाना पड़ता है।

राखी मनाने की परम्परा =

---------------------------

पुराणों के अनुसार माना जाता है कि जब भगवान श्रीहरि विष्णु जी ने राजा बलि से दान में तीन पग धरती लेकर तीनों लोक पर अधिकार कर लिया तो बलि ने भगवान श्रीहरि विष्णु जी से अपने महल में रहने का आग्रह किया। भगवान श्रीहरि विष्णु जी इस आग्रह को मान गये। भगवान विष्णु जी की पत्नी माता लक्ष्मी को भगवान श्रीहरि विष्णु जी और बलि की मित्रता अच्छी नहीं लगी। अतः उन्होंने भगवान विष्णु जी के साथ बैकुण्ठ जाने का निश्चय किया। इसके बाद माँ लक्ष्मी ने बलि को रक्षा का धागा बाँध कर भाई बना लिया। इस पर बलि ने लक्ष्मी से मनचाहा उपहार माँगने के लिए कहा। इस पर माँ लक्ष्मी ने राजा बलि से कहा कि वह भगवान विष्णु को इस वचन से मुक्त करें कि भगवान विष्णु उसके महल मे रहेंगे। बलि ने यह बात मान ली, और साथ ही माँ लक्ष्मी को अपनी बहन के रूप में भी स्वीकार किया। तब से लेकर रक्षाबंधन का पर्व मनाया जाता है।

आधुनिक राखियाँ =

--------------------

आजकल बाजारों में एक से बढ़कर एक राखियाँ देखने को मिलती है। बहनें भी अपने भाइयों के लिए सुंदर व भाई के मनपसंद की राखियाँ खरीदती हैं। इससे भाई-बहन का प्यार सुदृढ़ होता है।

राखी भेजने की परंपरा =

-------------------------

जो भाई या बहन दूरस्थ जगहों में रहते हैं तो बहन के द्वारा उन्हें राखी भेजने की परंपरा है। इस दिन पत्र के द्वारा शुभकामना संदेश भी भेजा जाता है। आजकल मोबाइल के जमाने में पत्र लिखना लगभग बंद हो गया है। लोग मोबाइल के द्वारा शुभकामना संदेश भेजते हैं । इस तरह रक्षाबंधन का त्यौहार भाई-बहन का एक पवित्र त्यौहार हैं जो सदियों से चला आ रहा है ।

कैसे बाँधते हैं राखियाँ =

-----------------------

रक्षाबंधन के दिन भाई-बहन सुबह से स्नान करके दोनों तैयार हो जातें हैं; और फिर शुभ मुहुर्त में बहन थाली में रोली, कुमकुम, अक्षत, दीप आदि सजाकर अपने भाई की आरती करती हैं; उसके दाएँ हाथ की कलाई पर राखी बाँधती हैं। मिठाई भी खिलाती हैं ।बदले में भाई कुछ उपहार स्वरूप बहन की पसंद की वस्तुएँ भेंट करते हैं।

रक्षा का वचन =

---------------

राखी बाँधने के बाद भाई के द्वारा बहन की रक्षा करने का वचन दिया जाता है; और उसे निभाता भी है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# डाक कर्मचारियों के हड़ताल से बाधित रहा काम

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022(घटती-घटना)। 18 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ सरगुजा (एनएफपीई) ग्रुप सी के आह्वान पर प्रधान डाकघर के कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। हड़ताल के चलते ग्राहकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ी। कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बुधवार को राखियां व अन्य डाक बांटी नहीं गई।




गौरतलब है कि 18 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ सरगुजा (एनएफपीई) ग्रुप सी के आह्वान पर प्रधान डाकघर के कर्मचारी एक दिवसीय हड़ताल पर रहे। इन अभ्यर्थियों का डाक संबंधि कार्य नहीं हो सका। काफी संख्या में डाक संबंध कार्य कराने पहुंचे लोगों के कारण मुख्य डाक घर के बाहर भीड़ लगी रही। अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ सरगुजा (एनएफपीई) के आह्वान पर डाक विभाग के निजीकरण के विरोध में बंधवार संभाग भर के डाक के कर्मचारी हड़ताल पर रहे। अभाडाक संघ ग्रुप सी के सचिव जूली नायक का कहना है कि वर्तमान में केन्द्र सरकार की निजीकरण की बढ़ती गतिवधियों के विरोध में हड़ताल किया गया है। यदि केन्द्र सरकार इस एक दिवसीय हड़ताल के बाद भी डाक विभाग के निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाती है तो संघ आगे ठोस कदम उठाएगी। डाक मित्र योजना, कॉमन सर्विस सेंटर के नाम पर निजीकरण करना बंद करे, नई पेंशन योजना को रद्द कर पुरानी पेंशन योजना बहाल करें। यूनियन पर प्रतिबंध लगाना बंद करे। समस्त पोस्ट ऑफिसों में स्थित एवं फास्ट एनएसपी-1 कनेक्टीविटी एवं उपर्युक्त एनएसपी -2 कनेक्टीविटी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें सहित अन्य प्रमुख मांगें शामिल है। बुधवार को डाक विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल पर रहने की जानकारी लोगों को नहीं थी। लोग डाक विभाग से संबंधित काम कराने सुबह 10 बजे पहुंचे थे। यहां आने पर डाक विभाग के कर्मचारी उन्हें मेन गेट से बाहर ही लौटा दिया। लोगों का कहना था कि डाक विभाग द्वारा हड़ताल की जानकारी नहीं दी गई थी। अचानक अड़ताल की जानकारी मिलने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं डाक विभाग के बाहर हितग्राहियों की भीड़ लगी रही। संभाग स्तर पर कई भर्ती प्रक्रिया चल रही है। हितग्राहियो को फार्म पोस्ट करने, डिमांड बनवाने सहित अन्य कई जरूरी कार्य डाक विभाग द्वारा किया जाना था। पर कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण नहीं हो सका। हितग्राहियों का कहना था कि मंगलवार को मुहर्रम की छुट्टी से वैसे ही काम प्रभावित रहा। वहीं बुधवार को हड़ताल से काम बाधित रहा। अगले दिन रक्षा बंधन के अवसर पर छुट्टी होने से काम नहीं हो पाएगा।

# 150 नग नशीली कफ सिरप के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022(घटती-घटना)। . लुण्ड्रा थाना पुलिस ने 150 नग नशीली काफी सिरप के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी बाइक से परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार एसपी भावना गुप्ता द्वारा जिले के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को नशे के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसी के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला एवं नगर पुलिस अधीक्षक अखिलेश कौशक के नेतृत्व में लुण्ड्रा थाना प्रभारी ने टीम गठित कर 9 अगस्त को थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग की जा रही थी। थाना क्षेत्र के पतराडीह चौक के पास कोरनधा की ओर से दो व्यक्ति बाइक से सफेद बोरी में कुछ सामान लेकर आते दिखे। पर पुलिस की नजर पड़ते ही बाइक सवार विपरित दिशा में भागने की कोशिश की। पुलिस ने घेराबंधी कर दोनों युवकों को हिरासत में लेकर तलाशी ली तो आरोपी धनुष पैकरा ग्राम गडबीरा थाना लुण्ड्रा के कब्जे के बाइक क्रमाक सीजी 15 डीवाई 0725 के डिक्की से 25 नग नशीली कफ सिरप व आरोपी नरेन्द्र शुक्ला निवासी ग्राम डहौली थाना लुण्ड्रा के कब्जे से सफेद बोरी में 125 नग कफ सिरप पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के कब्जे से कुल 150 नग अवैध नशीली कफ सिरप जब्त किया गया। जिसकी कीमत 18 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक ओम प्रकाश यादव, सउनि चन्द्र प्रकाश केरकेट्टा, प्रधान आरक्षक कुन्दन मिंज, आरक्षक दीपक पाण्डेय, अनिल बड़ा शामिल रहे।

# चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. कोतवाली पुलिस ने चोरी की स्कूटी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। जानकारी के अनुसार बरजे पारा निवासी नीतू सिंह की स्कूटी घर के बाहर से चोरी हो गई थी। वह इसकी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस द्वारा मामले को विवेचना में लिया गया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक संदेही की हिरासत में लेकर पूछताछ की तो वह चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी प्रिंस गुप्ता उर्फ़ बोधु को गिरफ्तार कर इसके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली भारद्वाज सिंह, सउनि विवेक पाण्डेय, आरक्षक सत्येंद्र सिंह, विकाश सिंह, अमित विश्वकर्मा शामिल रहे।




# पी.एस.सी. परीक्षा की तैयारी के लिए आवेदन आमंत्रित

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया है कि अनुसूचित जाति, जनजाति तथा पिछड़ा वर्ग के पात्र विद्यार्थियों को राज्य लोक सेवा आयोग की तैयारी के लिए कोचिंग दी जाती है। उक्त जाति वर्ग के विद्यार्थियों से प्रशिक्षण के लिए 5 सितंबर शाम 4 बजे तक कंपोजिट बिल्डिंग स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय में आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है।
उन्होंने अभ्यर्थियों के लिए पात्रता एवं शर्तों की जानकारी देते हुए बताया है कि आवेदक को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उन्हें अनुसूचित जाति-जनजाति या पिछड़ा वर्ग का होना चाहिए। आवेदक को स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उनके न्यूनतम आयु 20 वर्ष तथा अधिकतम आयु 30 वर्ष होनी चाहिए। आवेदक की स्वयं की आय या उनके अभिभावक की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्हें सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। आवेदक को किसी शासकीय सेवा में कार्यरत नहीं होना चाहिए। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विभागीय वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

# जिला ग्रंथालय में होगी निःशुल्क कोचिंग

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. जिला शिक्षा अधिकारी डॉ संजय गुहे ने बताया है कि जिला ग्रंथालय अम्बिकापुर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था की गई है। यह कोचिंग आगामी 14 अगस्त 2022 को प्रारंभ होगी। यह कोचिंग प्रेरणा कोचिंग केन्द्र में प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक संचालित की जाएगी। कोचिंग का लाभ लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपना पंजीयन जिला ग्रंथालय अम्बिकापुर में करा सकते हैं।

# होली क्रॉस स्पेशल विद्यालय के मूक बधिर छात्र-छात्राओं ने 4 शिक्षकों और सुरक्षाकर्मियों पर लगाया यौन उत्पीडिऩ का आरोप

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. होली क्रॉस स्पेशल विद्यालय अंबिकापुर के मूक बधिर छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के 4 शिक्षकों और सुरक्षाकर्मी द्वारा अपने साथ किये जा रहे मारपीट और यौन उत्पीडऩ की शिकायत को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष शानु कश्यप व जिला मंत्री वीर सोनी सहित भाजयुमो पदाधिकारियों के साथ आज जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के समक्ष शिकायत दर्ज की। इस अवसर पर युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रशासन के समक्ष उनकी बात को रखते हुए कहा कि मूक बधिर छात्राओं के साथ संवेदनहीनता दिखाते हुए जिस प्रकार का घृणित कुकर्म किया जा रहा है वह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है। समाज ऐसे कुकृत्य करने वालों के लिए कोई जगह नही होनी चाहिए, लेकिन होली क्रॉस विद्यालय प्रशासन ने अपनी नाक के नीचे ना सिर्फ ऐसी घटनाओं को कारित होने दिया बल्कि जब ये बच्चे शिकायत दर्ज कराने की कोशिश कर रहे थे तो उनको धमकी देकर चुप कराया जा रहा था।
जब बात विवादास्पद हुई तो महज दो कर्मियों को हटाने का ढोंग करके बात को दबाने का प्रयास किया गया। न्याय नहीं मिलने की स्थिति में इन असहाय मूकबधिर छात्र छात्राओं ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों से संपर्क किया जिसके तुरंत बाद भाजयुमो पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक कार्यालय जाकर इन छात्र-छात्राओं की शिकायत सुनने और उस पर तत्कालिक कार्यवाही करने की मांग करते हुए चारों आरोपियों पर तत्काल एफ आई आर दर्ज कराने की मांग की और मूक बधिर छात्र छात्राओं के लिए स्कूल में विशेष सांकेतिक भाषा की समझ रखने वाले शिक्षक को पदस्थ करने की मांग की साथ ही छात्र-छात्राओं की मांग पर कुछ दिन पूर्व इस मामले को उठाने वाले छात्र जसिंत टोप्पो को स्कूल से निकालने की कार्यवाही को दुर्भावना पूर्ण बताते हुए उक्त छात्र को पुनः स्कूल में लेने की मांग की। आक्रोशित भाजयुमो पदाधिकारियों ने प्रशासन को तत्काल कार्यवाही नही होने की स्थिति में जिले भर में उग्र प्रदर्शन करने की बात कही।




छात्र-छात्राओं और युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की मांग पर सहायक कलेक्टर टेकचंद अग्रवाल, उप संचालक समाज कल्याण डी के राय व एडिशनल एस पी विवेक शुक्ला ने पूरी घटना को संज्ञान में लेते हुए इस संवेदनशील विषय पर तत्काल जांच कर आरोपियों पर एफ आई आर दर्ज करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय में विशेष सांकेतिक भाषा की समझ रखने वाले शिक्षक सहित सभी मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सर्वेश तिवारी, रवि कांत उराव, अनुराग दुबे, अमित दुबे, अमोघ कश्यप, रवि सोनी, दीपक यादव, मनीष दुबे, ऋषभ त्रिपाठी, रॉनी मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामरीपाठ के युवाओं ने आखिर क्यूं किया हिंडाल्को बाक्साइड कंपनी के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन

-उपेश सिन्हा-
कुसमी ,10 अगस्त 2022(घटती-घटना)। विकासखंड कुसमी अंतर्गत सामरीपाठ के कई गांवों के युवाओं ने आज बुधवार के दिन मोटरसाइकिल में सवार होकर कुसमी काफी संख्या में पहुँचे और फिर हिंडाल्को कार्यालय के गेट के सामने हिंडाल्को कम्पनी पर क्षेत्र के युवाओ के रोजगार न देने का आरोप लगाकर कम्पनी के खिलाफ नारेबाजी की,युवाओं ने बताया कि कम्पनी शासन से कई शर्तो के पुरे करने का एग्रीमेंट करने के बाद काम करती है उस एग्रीमेंट में स्थानीय युवाओ को रोजगार देने का भी एग्रीमेंट होता है लेकिन हालत यह है कि क्षेत्र के काफी पढ़े लिखे युवा वर्ग बेरोजगारी की मार झेल रहे है लेकिन कम्पनी स्थानीय युवाओ को रोजगार न देकर दुसरे जगह के लोगो रोजगार देती है जिससे क्षेत्र के युवा वर्ग बेरोजगारी की मार झेलने पर मजबुर है और हिंडाल्को बाक्साइड कम्पनी से स्थानीय लोगो को उनके योग्यता के अनुसार नोकरी देने को मांग युवा वर्ग कर रहा,युवाओ ने कम्पनी के कर्मचारियों को एक ज्ञापन देकर जल्द से जल्द स्थानीय लोगो रोजगार देने की मांग करी है वही युवाओं ने यह भी बताया कि कम्पनी के अधिकारियों के द्वारा उनके दिये हुये ज्ञापन पर संज्ञान लेने के लिये एक सप्ताह का समय युवाओं से मांगा गया है,बहरहाल युवाओ के इस आंदोलन ने यह दिखा दिया है कि हिंडाल्को बाक्साइड जैसी बड़ी कम्पनी की सुध लेने वाला कोई भी नही है क्या,अगर होता तो शायद स्थानीय युवाओ को रोजगार पाने के लिये आंदोलन करने पर मजबुर नही होना पड़ता।




# विशेष पिछड़ी जनजाति के युवाओं के लिए खेल मई आयोजित



-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त श्री जे.आर. नागवंशी ने बताया है कि जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति जैसे पहाड़ी कोरवा व पण्डो वर्ग के युवक-युवतियों के लिए जिला स्तरीय खेल मड़ई आयोजित की गई। विगत 6 अगस्त से 8 अगस्त तक जिला स्तर आयोजित प्रतियोगिता के विभिन्न खेल विधा में चयनित प्रतियोगियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया। जिसमें श्री चन्द्रमा, श्री मोहन, श्री संजीव कुमार एवं श्री मंगत राम शामिल थे। तीन टंगडी दौड़ में कुमारी दुर्गावती एवं कुमारी दंतेश्वरी ने राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार प्राप्त करने के पश्चात वे कलेक्टर श्री कुंदन कुमार से मिले। कलेक्टर ने विजेता प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने प्रतिभागियों को पढ़ाई के क्षेत्र में विशेष रूप से ध्यान देने के लिए प्रेरित किया।

# समाजिक सद्भाव बनाने तिरंगा लेकर निकली है कांग्रेस

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।। भारत छोडो आंदोलन के 80 वीं वर्षगांठ पर कांग्रेस की आजादी गौरव यात्रा के दूसरे दिन बुधवार को सरगुजा के तीनो विधानसभा क्षेत्रों में अनवरत पदयात्रा जारी रही। सीतापुर में इस पदयात्रा का नेतृत्व सीतापुर विधानसभा में खाद्यमंत्री अमरजीत भगत, लुंड्रा विधानसभा में मेडिकल कारपोरेशन के अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक डॉ0 प्रीतम राम एवं अम्बिकापुर विधानसभा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के द्वारा किया गया। सीतापुर विधानसभा में गौरव पदयात्रा का प्रारंभ खाद्यमंत्री अमरजीत भगत ने ग्राम मंगरैलगढ से प्रारंभ किया जो सीतापुर होते हुए राजापुर मैनपाठ में समाप्त हुई। यात्रा की शुरुआत में मंगरैलगढ में हुई सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज बुलडोजर चला कर देश के सामाजिक सद्भाव को तहस-नहस किया जा रहा है। तिरंगा लेकर कांग्रेस इस समाजिक सद्भाव को पुनः स्थापित करने निकली है।

# कलेक्टर कार्यालय से खरीदी जाएगी कम्प्यूटर एवं लेखन सामग्री

अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। कलेक्टर कार्यालय द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए कार्यालयीन उपयोग हेतु कम्प्यूटर एवं लेखन सामग्री क्रय की जानी है। जिले के कम्प्यूटर एवं लेखन सामग्री विक्रेताओं से 18 अगस्त अपराह्न 3 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की गई है। निविदा की शर्तें एवं अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यालय के वेबसाइट www.surguja.gov.in पर जाकर डाउनलोड किया जा सकता है।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने हुई बैठक

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।. कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला सरगुजा द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज अंबिकापुर सभाकक्ष में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता ओंकार सिंह परवेक्षक एवं कौशलेंद्र पाण्डेय संभागीय अध्यक्ष की उपस्थिति में केन्द्र के समान देय तिथि से 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवे वेतनमान में देय तिथि से गृह भाड़ा भत्ता की दो सूत्रीय मांग को लेकर 22 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल आंदोलन को सफल बनाने हेतु विभिन्न कर्मचारी संघ पदाधिकारियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए, तत्पश्चात सभी तहसीलों में टीम गठित कर हड़ताल को सफल बनाने हेतु दौर अभियान चलाया जाएगा और सभी विभागों के कर्मचारियों से सम्पर्क किया जाएगा।इस बैठक संचालन फेडरेशन के जिला अध्यक्ष कमलेश सोनी के द्वारा किया गया। बैठक में एम एल स्वर्णकार,डा सी के मिश्रा, अखिलेश सोनी, अजीत सिंह, आदित्य नंदन यादव, विजेंद्र यादव, आनंद यादव, अनिल तिवारी आदि उपस्थित थे।

# घर की दूसरी मंजिल पर फांसी पर लटकी मिली महिला की लाश

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। युवा एसईसीएल कर्मी की पत्नी का शव मंगलवार की शाम घर की दूसरी मंजिल पर शेड के सहारे फांसी पर लटका मिला। इसकी सूचना मार्केट से घर पहुंचे पति ने गांधीनगर पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस, फॉरेंसिक एक्सपर्ट व कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की टीम मौके पर पहुंची और जांच की। इधर मृतिका के भाई का कहना है कि शादी के बाद से ही बहन को प्रताड़ित किया जाता था। फांसी पर लटका शव का घुटना जमीन को छू रहा है। उसने अपने बहनोई पर बहन की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।
सूरजपुर जिले के सिलफिली निवासी माधुरी माल 25 वर्ष की शादी वर्ष 2017 में गांधीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सुभाषनगर, सरस्वती शिशु मंदिर के पीछे निवासी राहुल चंद्र माल से हुई थी। राहुल एसईसीएल लटोरी में पदस्थ है। मंगलवार को माधुरी माल का पति अपने एक दोस्त को छोडऩे प्रतीक्षा बस स्टैंड गया था।
वह शाम करीब 5.30 बजे घर लौटा। जब वह घर की छत पर गया तो शेड में साड़ी के सहारे फांसी पर उसकी पत्नी लटकी हुई थी। इसकी सूचना उसने तत्काल गांधीनगर पुलिस के अलावा अपने ससुराल में दी। सूचना मिलते ही पुलिस के अलावा फॉरेंसिक टीम व तहसीलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मौके पर जांच की। पुलिस ने शव बरामद कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाया। बुधवार को पीएम पश्चात शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। मृतिका के भाई अविनाश सरकार पिता सपन का कहना है कि शादी के बाद से ही बहनोई द्वारा बहन को प्रताड़ित किया जाता था। उसका कहना था कि फांसी पर लटका शव घुटनों के बल था। उसने अपने बहनोई राहुल पर बहन की हत्या कर फांसी पर शव लटकाने का आरोप लगाया है। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इधर मृतिका के पति राहुल माल ने बताया कि उसकी 3 वर्ष की बेटी को कैंसर है। उसका इलाज पिछले 10 महीने से मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में चल रहा है। फरवरी में उसकी पत्नी मुंबई से अपने मायके लौट आई थी।जबकि वह बेटी का इलाज कराकर जून में घर पहुंचा। इस दौरान पत्नी भी यहां आ गई थी। उसने बताया कि दोनों के बीच सबकुछ सामान्य था। इसी बीच अज्ञात कारण से पत्नी ने फांसी लगा ली।






# फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली युवती पर युवक ने किया हथौड़े से वार

-उपेश सिन्हा-
कुसमी ,10 अगस्त 2022(घटती-घटना)। कुसमी शिव चौक में बेलस्टार माईक्रो फाइनेंस कंपनी में काम करने वाली एक युवती पर युवक के द्वारा हथौड़े से हमला करने का मामला सामने आया है हमले के बाद से आरोपी युवक फरार बताया जा रहा है ,दरसल जानकारी के मुताबिक फाइनेंस कंपनी का एक अन्य कमर्चारी ऑफ़िस पहुँचा तो युवती जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़ी थी फिर उसने आसपास के लोगो को जानकारी दी और युवती को सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र कुसमी में भर्ती कराया गया जहाँ चिकित्सकों ने युवती का ईलाज कर उसे अम्बिकापुर रेफर कर दिया,युवती के सर चेहरे के हिस्से पर कई बार हथौड़े से वार आरोपी के द्वारा किया गया था,वही घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया है आरोपी का नाम मनोज है और वह झारखंड राज्य का रहने वाला बताया जा रहा है,पुलिस घटना स्थल पहुँचकर घटना की विवेचना में जुट गई है साथ ही आरोपी की तलाश के लिये सीसी टीवी फुटेज की भी मदद पुलिस ले रही है,फिलहाल समाचार लिखे जाने तक यह जानकारी नही मिल सकी है कि आखिरकार इस घटना की वजह क्या है मामले में कुसमी पुलिस की तफ़्तीश जारी है.।

# आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर निकली गई प्रभात फेरी

-नगर संवाददाता-
अम्बिकापुर,10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर बुधवार को शहीद भगत सिंह वार्ड क्र.27 के वार्डवासियों द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने के लिए प्रेरित किया। वार्ड में प्रभात फेरी सुबह 7 बजे कैलाश मंगलम भट्टी रोड से तिरंगा यात्रा की शुरुवात करते हुए भट्टिरोड से त्रिकोण चौक ,चक्रधर पाठक रोड से जोड़ा पीपल , गुदरी चौक,(शिवाजी चौक), प्रतापपुर से गणेश दादा गली से होते हुए यात्रा की समापन किया गया।इस अभियान में रामसिंह भैया, व्यश नारायण शर्मा अनुज मिश्रा, दीपू सिन्हा, हरमिंदर, छोटू थॉमस, मनोज कंसारी अखिलेश, अभिमन्यु श्रीवास्तव, मार्कण्डेय तिवारी, देव वर्मा , रवि प्रताप सिंह, मंजू जायसवाल, संजय प्रजापति ओम मिश्रा ब्रम्हा कंसारी राजू ताम्रकर,सौरभ रावत अभिमन्यू कंसारी,राजेश सोनी मिश्रा निरंजन पाण्डेय ,हर्षपुरी ,अर्जुन टोप्पो ,रमेश गुप्ता सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक सामिल रहे ।



न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2
जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्रं0/ अ/-27/2021-22

// ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कि आवेदक पिन्टू आ0 रामचन्द्र,व अन्य 04 निवासी ग्राम मेण्ड्राखुर्द, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम मेण्ड्राखुर्द स्थित भूमि खसरा नंबर 355/3,474, 636/2 रकबा 0.044, 0.020, 0.174 हे0 कुल खसरा 03 कुल रकबा 0.238 हे0 भूमि का अनावेदक प्रमोद आ0 रामगोपाल व अन्य 02 के मध्य 1/2 भाग में बंटवारा कराने हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/08/2022 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 18/07/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-2

# बीजेपी के फायर ब्रांड नेता की चुप्पी कार्यकर्ता के मारपीट मामले में क्यों?

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** मनेंद्रगढ़ विधायक के प्रतिनिधि ने भाजपा के किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष के साथ की मारपीट कि जिससे भाजपा के युवा नेता चंदन गुप्ता खून से लथपथ हो गए चोट इतनी गंभीर थी कि उन्हें जिले से रायपुर के लिए रेफर कर दिया गया, घटना के बाद विधायक प्रतिनिधि के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, इस घटना को लेकर विधायक व विधायक प्रतिनिधि दोनों की हो रही जमकर आलोचना और विधायक प्रतिनिधि को बताया जा रहा है गुंडा, विधायक अपने प्रतिनिधि की गलती को जानने के बावजूद सभी को नाराज कर प्रतिनिधि को बचाने में जुटे हुए हैं पर वहीं विपक्षी दल भाजपा के एक नेता का गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद पूर्व विधायक व प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष की चुप्पी को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की हो रही हैं बातें और यह भी सच है कि इतने बड़े मामले में उसी विधानसभा में घटना घटने के बावजूद अपने ही विभाग के नेता के ऊपर विपत्ति आने पर प्रदेश अध्यक्ष की चुप्पी किसी को भी पच नहीं रही, बीजेपी में भी अंदर खाने में रोष दिख रहा आखिर क्या वजह है कि भाजपा के फायर ब्रांड नेता इस मामले को लेकर अभी तक कुछ भी नही कह रहे, वह भी अपने विधानसभा में घटित घटना को लेकर जिस वजह से भाजपा के कार्यकर्ताओं का मनोबल भी टूट रहा है और सोशल मीडिया पर फायर ब्रांड नेता की किरकिरी भी हो रही है। पूरे मामले में घायल भाजपा नेता तो रायपुर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं वहीं जिसने घटना कारित की वह सत्ताधारी दल के विधायक का प्रतिनिधि व निगम पार्षद निश्चिन्त बैठा है क्योंकि उसे मालूम है सत्ता का साथ मिलेगा विधायक के साथ रहते उसे कुछ होने वाला नहीं है। एक और जहां डेढ़ साल में विधानसभा चुनाव होना है, यदि वरिष्ठ और दिग्गज नेता अपने कार्यकर्ताओं के साथ नहीं दिखेंगे, अपने कार्यकर्ताओं के लिए खड़े नहीं होंगे तो मौके पर उनके लिए झंडा कौन उठाएगा? यह भी एक बड़ा सवाल है।

» किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के साथ हुई मारपीट,प्रदेश किसान मोर्चा के अध्यक्ष चुप क्यों?
» बीजेपी कार्यकर्ता के साथ मारपीट मामले में बीजेपी नेताओं पर भी उठने लगे सवाल।
» सोशल मीडिया में भाजपा नेताओं की चुप्पी पर कटघरे में भाजपा के फायर ब्रांड नेता।





कांग्रेस के विधायक प्रतिनिधि ने किया भाजपा नेता पर प्राणघाती हमला,फिर खुद कैसे हो गए घायल?

## अन्य भाजपा नेता भी हैं मौन

भाजपा नेता के साथ विधायक प्रतिनिधि निगम पार्षद द्वारा मारपीट मामले में जहां भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल है जहां मामले में पूर्व विधायक मौन हैं वहीं मामले में चिरमिरी के अन्य भाजपा नेता जो प्रथम पंक्ति के नेता हैं वह भी मौन हैं और इसकी वजह जो बताई जा रही है वह भी बड़ी महत्वपूर्ण है और वह वजह है सत्ताधारियों से नजदीकी जिसकी वजह से वह मौन हैं।

## सोशल मीडिया पर विधायक प्रतिनिधि पर लग रहे हैं गम्भीर आरोप

पूरे मामले में सोशल मीडिया पर विधायक प्रतिनिधि पर गंभीर आरोप लग रहे हैं। कुछ लोगों ने लिखा है कि जिस ट्रक से सामान उतरते समय चंदन गुप्ता वीडियो बना रहे थे उससे प्लास्टिक उतारा जा रहा था जो प्रतिबंधित है और इसी वजह से विधायक प्रतिनिधि को गुस्सा आया और उसने युवक पर जानलेवा हमला किया। वहीं पूर्व में कोरोना काल मे सेनेटाइजर मामले में भी चंदन गुप्ता मुखर हुए थे और वह भी खुन्नस विधायक प्रतिनिधि निकालना चाह रहे थे क्योंकि सेनेटाइजर किसने बंटवाया था यह जगजाहिर है, जिसमे बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ था।

## घटना का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा

कांग्रेस नेता व पूर्व महापौर डमरू रेड्डी ने कहा कि इस घटना का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ेगा क्योंकि जब हम एक राजनीतिक दल में या किसी पद पर होते हैं तो केवल हम अपने नहीं रह जाते, उस समय हम समाज के होते हैं क्षेत्र के होते हैं पार्टी के होते हैं क्योंकि व्यक्ति आज पद पर है कल नहीं रहे यह जरूरी नहीं है इसलिए हमें लगता है कि हमारे पार्टी को यह बहुत बड़ा नुकसान होने वाला है।

# बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए अलग-अलग वैरायटी की राखियां

-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** दो वर्ष के बाद लोगों को कोरोना के पाबंदी के बाद शहर में राखी त्योहार को लेकर बाजार गुलजार है। हर तरफ रंग बिरंगी राखियों की दुकान सजी है। लोग अपने अपने जरूरत के हिसाब से खरीदी कर रहे हैं। पहले की तुलना में राखी के दामों में खासा बढ़ोत्तरी हुआ है। भाई-बहन के त्योहार में महंगाई का असर दिख रहा है। फिर भी बहनें कहां पीछे रहने वाली है। महंगा ही क्यों नहीं खरीदारी जमकर हो रही है। आज यानि गुरुवार को रक्षाबंध का पर्व मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार भी सजकर तैयार है। शुभ मुहूर्त में बहने अपने भाईयों के कलाई में रक्षा सूत्र बांधेंगे। पर्व को देखते राखियों का दाम बढ़े हैं, तो बजट पर भी असर देखने को मिल रहा है, लेकिन हिन्दूस्तान की यही खूबसुरती है कि हर प्रकार की परेशानियों को आसानी से देश की जनता हंसते मुस्कुराते झेल लेती है। कम हो या ज्यादा, त्योहार तो मना की ही रहते हैं। यही हमारे भारत को दूसरे देशों से अलग बनाती है।त्योहार का सीजन शुरू हो गया है। बाजार में राखियों की दुकानें तो सजी ही है। साथ ही बाजार की अन्य दुकानों में भी अच्छी ग्राहकी बनी हुई।नगर के किराना, कपड़े, बर्तन, जनरल स्टोर्स की हर दुकानों में ग्राहकों की भीड़ ही भीड़ नजर आया और खासकर सप्ताहिक बाजार भी था , जो राखियों के अलावा अन्य जरूरी व घरेलू सामानों की खरीदी के लिए पहुंचे थे । त्योहार में लोग नए कपड़े पहनना पसंद करते हैं। इसलिए कपड़ों की मांग बढ़ी है। बड़ों के बजाय बच्चों के कपड़ों की मांग ज्यादा है। बच्चों में ही त्योहार को लेकर उत्साह अधिक है। बच्चों की पसंद के अनुरूप ही किड्स जोन में ध्यान रखा गया है।



## बाजार में खासी भीड़

त्यौहार के बीच बुधवारी बाजार भी रहा जिससे बाजार में लोगो की खासी भीड़ रही। लोग उत्साह के साथ खरीदी करते नजर आए। शहर में रक्षाबंधन सहित मिठाइयों की दुकानों में लोग उत्साह से खरीदी करते दिखे।इधर ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में पुलिस आमला मुस्तैद रहा।जबकि भैयाथान रोड में कई बार जाम की स्थिति बनती रही जिससे लोग परेशान रहे।

# महिला सशक्तिकरण सावन उत्सव कार्यक्रम में सावन सुंदरी शहनाज वार्ड नम्बर 5 चुनी गई

**मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में सावन के अंतिम सोमवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन द्वारा सावन उत्सव कार्यक्रम का किया गया आयोजन**

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** 08 जुलाई को मनेन्द्रगढ़ के सुरभि पार्क में सावन मास के पावन अवसर पर अंतिम सोमवार को राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ द्वारा महिला सशक्तिकरण सावन उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य श्रीमती उषा सिंह करयाम, अध्यक्षता मनेन्द्रगढ़ नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में द्वितीय अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश सुश्री सुनीता साहू एवं प्रथम श्रेणी सत्र न्यायाधीश श्रीमती एकता अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ। सशक्तिकरण सावन उत्सव कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा सावन झूले का आनंद लिया गया साथ ही कुर्सी दौड़, नीबू चम्मच दौड़, रुमाल रेस जैसी रोचक स्पर्धा का भी आयोजन किया गया जहां उपस्थित महिलाओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उक्त कार्यक्रम में सभी क्षेत्रों से लगभग 300 से 400 महिलाएं शामिल रहीं। मनेन्द्रगढ़ नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल जी ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए जीवन का सबसे यादगार पल रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाना है और आज के दौर में महिलाएं किसी से कम नही हैं सभी क्षेत्रों में महिलाओं का योगदान सराहनीय रहा है साथ ही नपाध्यक्ष ने सावन पर्व की सभी को बधाई व शुभकामनाएं दी। वहीं कार्यक्रम में कई महिलाओं ने अपनी समस्या से नपाध्यक्ष श्रीमती प्रभा पटेल को अवगत कराया जिसका नपाध्यक्ष ने कई मामलों में त्वरित निराकरण किया साथ ही अन्य कई समस्याओं को जल्द से जल्द निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिका मनेन्द्रगढ़ की मिशन मैनेजर श्रीमती शुचि पाण्डे ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पार्षदगण, मनोनीत पार्षदगण व विभिन्न समाज की महिलाओं के साथ ही जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




# शिव भजन सिंह मरावी ने समस्याओं को निराकरण का दिया आश्वासन


-नगर संवाददाता-

**सूरजपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिव भजन सिंह मरावी ने आज विभिन्न ग्राम पंचायतों में जन-संपर्क दौरा किया। जहां लाल की पहिया, घाट भंडारी, देवरी, पकड़ी, चंदवारा, धरहरा सभी ग्रामवासियों ने महिलाओं से मुलाकात कर की अपनी-अपनी समस्या बताई। उन्होंने बताया कि कई जगह का विस्तृत चर्चा राशन कार्ड नहीं बना है तथा पुल, पुलिया, स्टॉप डेम, सूखा राहत घोषित आदि। घाट पंडारी के ग्रामीणों ने तालाब निर्माण के लिए किए मांग की। क्योंकि पानी नहीं गिरने से हम सभी ग्रामीण बेरोजगार हो गए हैं, वहीं ग्रामीण रोजगार गारंटी में भी कोई काम नहीं है, आपके माध्यम से रोजगार गारंटी में एक तालाब तत्काल स्वीकृत मिल जाए तो यहां के स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार मिल सके। श्री मरावी ने जिले के अधिकारी कर्मचारी से चर्चा कर तीन दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। श्री मरावी ने महिलाओं से भी मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। पश्चात उन्होंने कहा कि आप सभी की जो भी समस्या है, उसको विभागीय मंत्री तक पहुंचाएंगे और निश्चित रूप से आपकी सभी समस्याओं का समाधान होगा। जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि अगर तालाब का प्रस्ताव गया है तो एक-दो दिन में स्वीकृत का आदेश हो जाएगा। सेवादल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि राशन कार्ड जिनका नहीं बन पाया है उनका राशन कार्ड को भी बनवाया जाएगा। रही बात सूखा राहत की, तो शासन छत्तीसगढ़ सरकार सभी पटवारी आरआई को आदेशित किया है उनके द्वारा सर्वे कर रिपोर्ट जमा करेंगे, पश्चात ही सूखा राहत घोषित होगा। हमें आशा और विश्वास है कि आप जैसे नेता हमारे क्षेत्र में लगातार भ्रमण करते हैं और भेंट कर सभी की समस्या सुनते रहें, यही आशा है। ग्रामीण अपने नेता को अपने बीच पाकर खुश दिखाई दिए। ग्रामीणों ने आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप सदैव हमारा सहयोग करने की कोशिश करते हैं, चाहे एक्सीडेंटल हो या बीमारी हो, आप हॉस्पिटल में भी हमेशा पहुंचते रहते हैं। श्री मरावी ने महिलाओं से भी मुलाकात कर विस्तृत चर्चा की। पश्चात उन्होंने कहा कि आप सभी की जो भी समस्या है, उसको विभागीय मंत्री तक पहुंचाएंगे और निश्चित रूप से आपकी सभी समस्याओं का समाधान होगा।

# धुआं उगलते कंडम वाहनों की अनदेखी आखिर कब तक?

-ओमकार पांडेय-

**सूरजपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** इसे कहते हैं करे कोई और भरें कोई। वाहन चालकों की करस्तानी और विभाग की लापरवाही का खामियाजा जिले वासियों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों के स्वास्थ्य से कैसे खिलवाड़ किया जाता है, पर्यावरण सुरक्षा के प्रति कैसे उदासीनता बरती जाती है। इसके बाद जिम्मेदार जिले भर में प्रदूषण फैलाते कंडम वाहनों को मूकदर्शक बनकर सब देख रहे हैं। एक ओर कई वर्ष से बिना पाल्यूशन अंडर कंट्रोल और फिटनेस कराएं हजारों सवारी और मालवाहकों आटो, बस, प्रदूषण फैला रहे हैं, तो दूसरी ओर प्रशासन इनके खिलाफ कार्रवाई करने के प्रति उदासीनता बरत रहा है। हद तो यह है कि जांच नहीं होने से शहर के अंदरुनी इलाकों में 15 वर्ष से ज्यादा पुरानी व कंडम तीन व चार पहिया वाहन चल रहा है। वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गया है। जिले वासी वायु प्रदूषण की चपेट में गुजर बसर कर रहे हैं। ऐसे में कंडम वाहनों से निकलने वाले जहरीले धुएं से पर्यावरण को नुकसान पहुंचना और लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ना चिंता का विषय है। आखिर ऐसी सुविधाओं का क्या मतलब, जिससे प्रदूषण फैल रहा हों? लोग बीमारियों की जकड़ में आ रहे हो ? सवाल सिर्फ यह नहीं कि शासन प्रशासन प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है, सवाल यह भी है कि ऐसे गैर जिम्मेदारों को सबक सिखाने के लिए प्रदेश सरकार आखिर क्या कर रही है? ऐसा नहीं है कि धुआं उगलते कंडम वाहन पहली बार सड़कों पर दौड़ रहे हो। वर्षों से यह सिलसिला जारी है।



## प्रदूषण की मार से कोई नहीं बच सकता

लोग यह कैसे सहन कर सकते हैं कि उनका स्वास्थ्य खराब होता रहें और वाहन चालक अपनी मनमानी करते रहे। सौ बात की एक बात आखिर परिवहन विभाग कंडम वाहनों को राजसात क्यों नहीं करती ? बेपरवाह वाहन चालकों को सीखचों के पीछे क्यों नहीं डालती ? न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी प्रदूषण की मार से राहगीर हो या वाहन चालक कोई नहीं बच सकता है। क्योंकि, श्वास लेना सबके लिए जरूरी है।

# सावन महोत्सव के अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

-रवि सिंह-

**बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** परंपराओं को सहेजने और संवारने में महती भूमिका निभाने वाले सर्व आदिवासी समुदाय ने प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी मौसम की बेरुखी के बीच खुशियां मनाने का अवसर तलाश किया और नागपंचमी के शुभ अवसर पर ग्राम पंचायत छिंदिया करहीपारा में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। भारी भीड़ और दर्शकों के उपस्थिति में एक दिवसीय आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में दूरदराज से 25 टीमों ने अपनी सहभागिता निभाई और अपने कौशल कला का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार जहां कोरबा जिले के सिरमिना टीम ने हासिल किया, वहीं उप विजेता के रूप में छिंदिया की करहीपारा टीम रही। पूरे प्रतियोगिता में रेफरशिप का जिम्मा जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत सरपंच संघ के अध्यक्ष उदय सिंह ने अपने साथी के साथ संभाल रखा था। एक तरफ जहां आषाढ़ और सावन पूरी तरह बेजार है, वहीं इस आयोजन ने कुछ समय के लिए ही सही परंतु खुशियां बिखेरने में अपनी महती भूमिका निभाई।



परंपराओं और प्रतिभाओं को सहेजने में आदिवासी समाज सबसे आगे- वेदांती तिवारीकबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन में पधारे मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोरिया श्री वेदांती तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को सामने लाने में सदैव सहायक सिद्ध होते हैं। जहां एक ओर प्रतिभाओं और कलाओं का प्रदर्शन होता है वहीं दूसरी ओर लोगों का अगाध मनोरंजन भी होता है। इस अवसर पर उन्होंने सर्व आदिवासी समाज के उपस्थित सदस्यों और आयोजन कर्ताओं को बधाई और शुभकामनाएं दी और भविष्य में इस प्रकार के किसी भी आयोजन के लिए किसी प्रकार की आवश्यकता पड़ने पर सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर उपाध्यक्ष श्रीमती आशा साहू, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती हेमलता सिंह, युवा नेतृत्व अमित कुशवाहा, पूर्व सरपंच राम शरण सिंह, नंदलाल सिंह, राम प्रसाद सिंह सत्यनारायण सिंह, महेंद्र सिंह, विजेंद्र सिंह के अतिरिक्त सर्व आदिवासी समाज के लोग, खेल प्रेमी, शिक्षक और ग्रामीण जनता भारी तादाद में उपस्थित रहकर आयोजन को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन,40 वाहनों से साढ़े 9 लाख का जुर्माना वसूला



-ओमकार पांडेय-

**सूरजपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)।** कलेक्टर इफ्फत आरा के निर्देशन में रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन को लेकर खनिज विभाग की सख्ती लगातार जारी है।पिछले दो महीनों में ऐसे 40 वाहनो को जप्त करते हुए वाहन मालिकों से करीब साढ़े नौ लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है।बारिश के इस मौसम में नदी,नालों से रेत का उत्खनन प्रतिबंध है विभाग से अनुमति प्राप्त भंडारण केंद्रों से ही रेत की आपूर्ति की जा सकती है,ऐसे में अवैध रूप से उत्खनन व परिवहन करते पाए जाने वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले जून माह से विभाग की टीम लगातार क्षेत्रों में भ्रमण कर रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई कर रही है अब तक की कार्रवाई में 40 ऐसे वाहन पकड़ में आए जो नियमों का उल्लंघन करते पाए गए हैं जिन पर विभाग ने अलग-अलग कार्रवाई कर करीब साढ़े नौ लाख की जुर्माना वसूल किया है इस कार्रवाई में अवैध भंडारण,क्षमता से अधिक रेत परिवहन किए जाने की भी कार्यवाही शामिल है।खनिज अधिकारी संदीप नायक के अनुसार बारिश के मौसम में नियमानुसार नदी नालों से रेत की निकासी प्रतिबंधित है बावजूद कई जगह से शिकायतें मिलने पर विभाग ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई की है।विभाग की टीम राजस्व व पुलिस विभाग के सहयोग से लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर अवैध परिवहन करने वाले वाहनों की जांच पड़ताल कर रही है। नियम विरुद्ध रेत परिवहन किए जाने वाले वाहन मालिकों पर प्रकरण दर्ज कर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही हैं।जून माह से 8 अगस्त तक 40 वाहनों पर जुर्माने की कार्रवाई करते हुए अर्थदण्ड राशि रुपये 9 लाख 49 हजार नौ सौ पन्चानवे रुपए जमा करवाया गया है। खनिज अधिकारी संदीप नायक के अनुसार विभाग की यह कार्रवाई निरंतर जारी है जहां से भी शिकायतें मिल रही है विभाग फौरन कार्रवाई कर रही है और क्षेत्र में विभागीय टीम सघन भ्रमण कर अवैध उत्खनन व परिवहन पर नजरें रखी हुई।

## आधी रात को विभाग की कार्रवाई,दो वाहन मालिको पर 78 हजार का जुर्माना

पिछले दिनों शिकायतें मिल रही थी कि भैयाथान से प्रतापपुर मार्ग पर कुछ वाहने रात के अंधेरों में रेत का अवैध परिवहन कर रहे हैं जिसको विभाग ने संज्ञान में लेते हुए स्वयं खनिज अधिकारी संदीप नायक व राजस्व विभाग की टीम ने इस मार्ग पर जांच पड़ताल का दायरा बढ़ाया तो रविवार को दो ऐसे वाहन पकड़ में आए जो नियम विरुद्ध रेत का परिवहन कर रहे थे जिन पर कार्रवाई करते हुए दोनों वाहनों को जप्त कर पुलिस चौकी चेंद्रा के सुपुर्द किया गया और दोनों वाहन मालिको पर करीब 78000 रू. की अर्थदंड आरोपित किया गया है। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध उत्खनन व परिवहन में लिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। विभाग ने यह कार्रवाई आधी रात को की है।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202208020700047**

**विषय:-अ-27 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:-2021-2022**

नमना कला प.ह.न.00020 [(हे0)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-संजीव दुबे,
अनावेदक पक्षकार-नरेश दुबे,

**// ईश्तहार //**

आवेदक संजीव दुबे आ0 शिवबालक दुबे, निवासी वार्ड नंबर 14, नमनाकला, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला, तहसील अम्बिकापुर स्थित खसरा नंबर 350/7 रकबा 0.028 हे0 का पंजीबद्ध बटवारा नामा दिनांक 03.08.2022 के आधार पर आवेदक एवं अनावेदक के मध्य में बटवारा किये जाने हेतु अवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो पेशी दिनांक 09.09.2022 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित हो कर दावा आपति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08.08.2022 को जारी किया जाता है।

सील

तहसीलदार
सरगुजा(अम्बिकापुर)

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0-/अ-6/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, दिनेश कुमार आ0 स्व0 रामदेव, निवासी डी0 सी0 रोड़, के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर कथन किया गया कि मोहल्ला-महावीर वार्ड़, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लॉट 1893/4777/1 रकबा 0.46 1/2 एकड़ भूमि को उप पंजीयक कार्यालय, अम्बिकापुर से पंजीकृत बंटवारा पत्र दिनांक 22.07.2022 को आवेदकगण के द्वारा करा लिया गया है। पंजीृत बंटवारा पत्र दिनांक 22.07.2022 के अनुसार नरेन्द्र कुमार, उमेश कुमार, दिनेश कुमार को भू-खण्ड क्रमांक 1893/4777/1 रकबा 0.46 1/2 एकड में से पृथक-पृथक रकबा 6751.8 वर्गफिट, भूमि प्राप्त हुई है। पंजीकृत बंटवारा पत्र दिनांक 22.07.2022 के आधार पर पृथक-पृथक अपने नामान्तरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 109,110, छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

अतःउक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 29/08/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/08/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# पीटीआई की वरिष्ठ नेता शिरीन मजारी ने एआरवाई न्यूज में व्यवधान की निंदा की

**इस्लामाबाद, 10 अगस्त 2022।** पीटीआई नेता शिरीन मजारी ने पाकिस्तानी टीवी चैनल एआरवाई न्यूज के निलंबन की निंदा करते हुए कहा कि इसे शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा ÷अयोग्य और भ्रष्ट÷ को उजागर करने वाली रिपोर्ट जारी करने के लिए स्क्रीन से जबरदस्ती हटा दिया गया था। सरकार।

उन्होंने मंगलवार को ट्विटर पर कहा, ÷अभी एआरवाई को अभी भी आयातित सरकार द्वारा स्क्रीन से जबरदस्ती हटा दिया गया है क्योंकि बदमाशों के इस समूह का कोई लोकतांत्रिक आधार नहीं है और जो यह है - अयोग्य और भ्रष्ट होने के लिए उजागर नहीं किया जा सकता है।÷


इस बीच, पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने सोमवार को एआरवाई न्यूज को ÷झूठी, घृणित और देशद्रोही÷ सामग्री प्रसारित करने और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया।

नोटिस जारी होने से पहले सोमवार शाम देश के कई हिस्सों में एआरवाई न्यूज का ऑफ एयर हो गया।

चैनल के साथ अपनी बातचीत के दौरान, गिल ने आरोप लगाया था कि पीएमएल-एन ने पीटीआई के खिलाफ सेना के निचले और मध्यम स्तर को भड़काने के लिए एक कहानी बनाने की कोशिश की, यह कहते हुए कि इस तरह के ÷रैंक एंड फाइल÷ के परिवार इमरान खान और उनकी पार्टी का समर्थन करते हैं, जो सरकार के भीतर गंभीर अस्थिरता और रोष को जन्म दे रहा है।

डॉन के अनुसार, गिल ने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ गठबंधन का ÷रणनीतिक मीडिया सेल÷ झूठी सूचना फैला रहा था।

जावेद लतीफ, रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ और पूर्व सहित सरकार के नेता गिल ने कहा कि नेशनल असेंबली के अध्यक्ष अयाज सादिक ने अतीत में सेना को लताड़ा था ÷और वे अब सरकारी पदों पर थे÷।



विशेष रूप से, पीईएमआरए के अनुसार, टीवी चैनल द्वारा प्रसारित टिप्पणियों ने पेमरा अध्यादेश 2002 की धारा 20 और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (कार्यक्रम और विज्ञापन) आचार संहिता 2015 का उल्लंघन किया।

कराची, लाहौर, इस्लामाबाद, सियालकोट, हैदराबाद में एआरवाई न्यूज का प्रसारण निलंबित कर दिया गया था। फैसलाबाद और अन्य शहर।

जैसे ही समाचार आउटलेट बंद जारी रहा, इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कई नेताओं ने ट्विटर पर अपना विरोध दर्ज कराया।

इससे पहले, काउंसिल ऑफ पाकिस्तान न्यूजपेपर्स एडिटर्स द्वारा संकलित एक रिपोर्ट में कहा गया था कि पाकिस्तान की मीडिया स्वतंत्रता गंभीर सवालों के घेरे में है।

मीडिया स्वतंत्रता रिपोर्ट देश में एक पत्रकार होने की वास्तविकताओं की एक घृणित तस्वीर पेश करती है। डॉन के अनुसार, यह इस बात पर प्रकाश डालता है कि कैसे, केवल पिछले वर्ष में, कर्तव्य के दौरान कई पत्रकार मारे गए और मीडिया को दबाने और सूचना तक पहुंच को अवरुद्ध करने के प्रयासों में वृद्धि हुई है।

पिछले एक साल में मीडिया घरानों की आर्थिक स्थिति भी खराब हुई है। बेरोजगारी के चलते दो मीडियाकर्मियों ने खुदकुशी कर ली. रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि आज की स्थिति पिछले दो वर्षों की तुलना में बदतर है।

मीडिया कर्मी, फील्ड रिपोर्टर और डेस्क स्टाफ दोनों तेजी से या तो उत्पीड़न या वित्तीय कठिनाई या दोनों का सामना कर रहे हैं। उन्हें धमकाया जा रहा है, चुप कराया जा रहा है और दबाया जा रहा है। चाहे वह प्राइम-टाइम टीवी एंकर हो या बीट रिपोर्टर, सभी के लिए खतरे मौजूद हैं। यहां तक कि मीडिया समूह के मालिक भी इस तरह के उत्पीड़न से अछूते नहीं हैं।

# मैक्सिकन राष्ट्रपति ने पीएम मोदी सहित 3 नेताओं के नेतृत्व में वैश्विक संघर्ष विराम के लिए आयोग का प्रस्ताव रखा

**मेक्सिको सिटी [ मेक्सिको ], 10 अगस्त 2022।** मैक्सिकन राष्ट्रपति एंड्रेस मैनुअल लोपेज ओब्रेडोर एक विश्व को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सहित तीन विश्व नेताओं से बना एक आयोग बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र को एक लिखित प्रस्ताव प्रस्तुत करने की योजना बना रहे हैं। एमएसएन वेब पोर्टल ने बताया कि पांच साल की अवधि के लिए संघर्ष विराम।

एमएसएन ने कहा, ÷मैं लिखित में प्रस्ताव दूंगा, मैं इसे संयुक्त राष्ट्र में पेश करूंगा। मैं यह कहता रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मीडिया इसे फैलाने में हमारी मदद करेगा। क्योंकि जब यह उनके लिए सुविधाजनक नहीं होता है तो वे बोलते नहीं हैं।÷ ओब्रेडोर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कह रहे हैं। मैक्सिकन राष्ट्रपति ने प्रस्ताव दिया कि शीर्ष आयोग में पोप फ्रांसिस, संयुक्त राष्ट्र महासचिव, एंटोनियो गुटेरेस और भारतीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होना चाहिए।



आयोग का उद्देश्य दुनिया भर में युद्धों को रोकने के लिए एक प्रस्ताव पेश करना और कम से कम पांच साल के लिए एक समझौता करने के लिए समझौता करना होगा।

वे तीनों मिलते हैं और जल्द ही हर जगह युद्ध को रोकने के लिए एक प्रस्ताव पेश करते हैं, और कम से कम पांच साल के लिए एक समझौता करने के लिए एक समझौते पर पहुंचते हैं, ताकि दुनिया भर की सरकारें अपने लोगों, विशेष रूप से पीड़ित लोगों का समर्थन करने के लिए खुद को समर्पित कर सकें। युद्ध और उसके प्रभावों से सबसे अधिक; कि हमारे पास बिना तनाव के, बिना हिंसा और शांति के पांच साल हैं,÷ उन्होंने कहा।

युद्ध जैसी कार्रवाइयों को समाप्त करने का आह्वान करते हुए, मैक्सिकन राष्ट्रपति ने चीन, रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका को शांति की तलाश करने के लिए आमंत्रित किया है और आशा व्यक्त की है कि तीनों देश ÷एक मध्यस्थता को सुनेंगे और स्वीकार करेंगे जैसे कि हम प्रस्तावित कर रहे हैं÷।

÷उन्हें बताएं, उनके टकराव से, एक वर्ष से अधिक कुछ भी नहीं, उन्होंने इसका कारण बना दिया है। उन्होंने विश्व आर्थिक संकट को दूर कर दिया है, उन्होंने मुद्रास्फीति में वृद्धि की है और भोजन की कमी, अधिक गरीबी और सबसे खराब, एक वर्ष में, क्योंकि संघर्षों में, इतने सारे इंसानों ने अपनी जान गंवाई है। यह एक पैराग्राफ है। यही उन्होंने एक साल में किया है,÷ एमएसएन ने उन्हें उद्धृत किया। ओब्रेडोर के अनुसार, प्रस्तावित संघर्ष विराम ÷ताइवान, इज़राइल और फिलिस्तीन के मामले में समझौतों तक पहुंचने में मदद करेगा, और अधिक टकराव को बढ़ावा देने वाला नहीं होगा÷।

इसके अलावा, उन्होंने आग्रह किया कि दुनिया भर की सभी सरकारों को संयुक्त राष्ट्र के समर्थन में शामिल होना चाहिए, न कि नौकरशाही तंत्र जिसमें प्रस्ताव और पहल प्रस्तुत की जाती हैं।

# चीन का कहना है कि ताइवान के पास आयोजित अभ्यास समाप्त हो गया है

**बीजिंग, 10 अगस्त 2022।** चीन ने बुधवार को घोषणा की कि उसने स्व-शासित द्वीप पर हमले की नकल करते हुए ताइवान के पास एक सप्ताह से अधिक के प्रशिक्षण के बाद अपना सैन्य अभ्यास समाप्त कर लिया है।



स्टेट मीडिया आउटलेट ग्लोबल टाइम्स ने बताया कि पीएलए ईस्टर्न थिएटर कमांड ने कहा कि उसने ताइवान के आसपास हालिया अभ्यास के दौरान विभिन्न मिशनों को सफलतापूर्वक पूरा किया है और सैनिकों की संयुक्त अभियान युद्ध क्षमता का प्रभावी परीक्षण किया है।

यह कमान ताइवान जलडमरूमध्य में नियमित रूप से लड़ाकू तत्परता गश्ती का आयोजन करेगी।

मंगलवार को ताइवान के विदेश मंत्री जोसेफ वू ने कहा कि चीन ने ताइवान जलडमरूमध्य के जल और हवाई क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समुदाय की नेविगेशन की स्वतंत्रता को प्रभावित करने और आक्रमण की तैयारी के लिए सैन्य अभ्यास का इस्तेमाल किया।

एक अंतरराष्ट्रीय संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वू ने कहा कि ताइवान के आसपास के क्षेत्रों में सैन्य अभ्यास करने का चीन का फैसला अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत ताइवान के अधिकारों का घोर उल्लंघन है और इससे क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को गंभीर खतरा है।

÷... चीन ने ताइवान पर आक्रमण की तैयारी के लिए अपनी सैन्य प्लेबुक में अभ्यास का उपयोग किया है। यह जनता को कमजोर करने के प्रयास में बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास और मिसाइल प्रक्षेपण, साथ ही साइबर हमले, दुष्प्रचार और आर्थिक बल प्रयोग कर रहा है। ताइवान में मनोबल,÷ उन्होंने कहा।

चीन ने मंगलवार को पूर्वी और दक्षिण चीन सागर में अपने बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन को सही ठहराते हुए कहा कि पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद, देश अब हर संभावित परिदृश्य के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

# रूसी रॉकेट ने कजाकिस्तान बेस से ईरानी उपग्रह लॉन्च किया



**तेहरान [ईरान], 10 अगस्त 2022।** रूस ने मंगलवार को एक ईरानी उपग्रह को कक्षा में लॉन्च किया, क्योंकि मास्को और तेहरान पश्चिमी प्रतिबंधों का सामना करने के लिए घनिष्ठ संबंध बनाना चाहते हैं।

÷खय्याम÷ नामक रिमोट सेंसिंग उपग्रह को बैकोनूर कोस्मोड्रोम से एक रूसी सोयुज रॉकेट द्वारा लॉन्च किया गया था, जो कि दक्षिणी कजाकिस्तान में स्थित रूसी अंतरिक्ष प्रक्षेपण के लिए मुख्य आधार है, मंगलवार को सुबह 8¬52 बजे मॉस्को समय (5¬52 बजे जीएमटी), जैसा कि रूस की रोस्कोस्मोस अंतरिक्ष एजेंसी द्वारा ड्ढश्चह्वञ्जह्वड्ढद्ग पर प्रसारित एक लाइव वीडियो के अनुसार।

ईरानी अंतरिक्ष एजेंसी (आईएसए) ने उन दावों को खारिज कर दिया कि रूस द्वारा यूक्रेन में अपनी खुफिया क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए उपग्रह का इस्तेमाल किया जा सकता है और कहा कि ÷पहले दिन से÷ उपग्रह पर इसका विशेष नियंत्रण होगा, और रूस के रोस्कोस्मोस, अल जज़ीरा ने बताया।

इस महीने की शुरुआत में, द वाशिंगटन पोस्ट ने बताया कि रूस ने यूक्रेन में अपने युद्ध के प्रयासों में सहायता के लिए ÷महीनों या उससे अधिक समय तक÷ उपग्रह का उपयोग करने की योजना बनाई है, जिसमें अज्ञात पश्चिमी खुफिया अधिकारियों का हवाला दिया गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी अधिकारी रूस और ईरान के बीच अंतरिक्ष सहयोग से चिंतित हैं, उन्हें डर है कि उपग्रह न केवल यूक्रेन में रूस की मदद करेगा बल्कि ईरान को इजरायल और व्यापक मध्य पूर्व में संभावित सैन्य लक्ष्यों की निगरानी के लिए ÷अभूतपूर्व क्षमताएं÷ प्रदान करेगा।

आईएसए ने कहा कि उपग्रह को प्रेषित आदेश और उससे प्राप्त डेटा को ईरान में ईरानी इंजीनियरों और वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा एन्क्रिप्ट और नियंत्रित किया जाएगा, और ÷इस प्रक्रिया के दौरान किसी अन्य देश की जानकारी तक पहुंच नहीं है÷।

एजेंसी ने इस बात पर भी जोर दिया कि खय्याम की छवियों, जो एक मीटर के संकल्प के साथ आने की उम्मीद है, का उपयोग कृषि, प्राकृतिक संसाधन, पर्यावरण, जल संसाधन, खनन जैसे विभिन्न उद्योगों में ÷प्रबंधन और नियोजन क्षमता÷ को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। , आपदा प्रबंधन, सीमा निगरानी के अलावा।

आईएसए ने कहा कि उपग्रह को वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए डिजाइन किया गया है, जिसमें कृषि उद्देश्यों के लिए विकिरण और पर्यावरण निगरानी शामिल है।

राज्य द्वारा संचालित समाचार एजेंसी ढ्ढक्रहृ के अनुसार, ईरान के पास 5-10 मीटर (16.4-32.8 फीट) के छवि रिज़ॉल्यूशन के साथ रिमोट-सेंसिंग उपग्रह बनाने की क्षमता है और यह 50 किग्रा (110 पाउंड) पैकेज को 500 किमी की कक्षा में इंजेक्ट कर सकता है। (311 मील)।

लेकिन खय्याम - जिसका नाम 11वीं सदी के फ़ारसी पोलीमैथ उमर खय्याम के नाम पर रखा गया है - जिसे ईरान द्वारा कमीशन किया गया था और रूस द्वारा बनाया गया था, 1 मीटर (3.3 फीट) के अधिक सटीक रिज़ॉल्यूशन को हिट कर सकता है और लगभग 600 किग्रा वजन के साथ 500 किमी की कक्षा में काम करना है। (1,322 पाउंड), अल जज़ीरा ने बताया।

÷यह अंतरिक्ष उद्योग में ईरान और रूस के बीच एक रणनीतिक सहयोग की शुरुआत है,÷ ईरान के आईसीटी मंत्री इस्सा ज़ारेपोर ने सोमवार को एक वीडियो में बैकोनूर में रॉकेट के सामने खड़े होकर कहा, यह कहते हुए कि ईरान का लक्ष्य प्रौद्योगिकी हासिल करना है। अगले साल तक 100 किलोग्राम का उपग्रह 500 किमी की कक्षा में स्थापित करेगा।

ईरान ने इस बात पर भी जोर दिया है कि देश का सैन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम अलग है, आईएसए ने कहा, ÷देश के रक्षा बल अपनी जरूरतों के हिसाब से तकनीकी और रणनीतिक रूप से अपने स्वयं के विशेष रास्तों का अनुसरण करेंगे÷।

इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (ढ्ढक्रत्रष्ट) ने अब तक दो उपग्रहों को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया है, दूसरा प्रक्षेपण मार्च में होगा।

कुलीन बलों के एयरोस्पेस प्रमुख, अमीराली हाजीजादेह ने पिछले महीने घोषणा की कि आईआरजीसी मार्च 2023 में मौजूदा ईरानी वर्ष के अंत से पहले कक्षा में एक और उपग्रह लॉन्च करने की योजना बना रहा है।

# कई बीमारियों के प्रकोप की चपेट में अफगानिस्तान

**वाशिंगटन [यूएस], 10 अगस्त 2022।** अफगानिस्तान कई बीमारियों के प्रकोप का सामना कर रहा है , जिसमें एक्यूट वाटर डायरिया (एडब्ल्यूडी), खसरा, कांगो बुखार, डेंगू बुखार और कोविद -19 शामिल हैं, मीडिया रिपोर्टों में हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का हवाला दिया गया है। ) रिपोर्ट द्दश्चश्स्र।

अफगानिस्तान के स्थानीय मीडिया पोर्टल खामा प्रेस ने कहा कि डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश भर में एक्यूट वाटरी डायरिया (एडब्ल्यूडी) के मामलों में काफी वृद्धि हुई है।

अफगानिस्तान के विभिन्न प्रांतों, विशेष रूप से काबुल, पक्तिया, खोस्त, पक्तिका, जजजान गजनी, कंधार और ज़ाबुल प्रांतों में एडब्ल्यूडी के लगभग 19,050 से अधिक मामलों की पुष्टि की गई है।

घटनाओं में गिरावट के बाद भी सभी प्रांत अभी भी खसरे के मामलों की सूचना दे रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार पूरे अफगानिस्तान में खसरे के कुल 64,654 मामले हैं।

कांगो बुखार, या वैज्ञानिक रूप से क्रीमियन-कांगो रक्तस्रावी बुखार , अफगानिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में भी फैल गया है, विशेष रूप से दक्षिणी, दक्षिण-पूर्वी, पूर्वी और मध्य क्षेत्रों में 13 प्रांतों में, 229 पुष्ट मामलों के साथ, छह संबंधित मौतों के साथ।



अफगानिस्तान के नंगरहार प्रांत में जुलाई 2022 में डेंगू बुखार के नए मामले आसमान छू रहे हैं।

जुलाई 2022 में अफगानिस्तान में आने वाली महामारी, चिकित्सा आपात स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं का जवाब देने के लिए, डब्ल्यूएचओ देश तक पहुंच रहा है और संसाधन उपलब्ध करा रहा है और अपनी क्षमता का निर्माण कर रहा है।

अफगानिस्तान में एक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई जब 18 जुलाई, 2022 को खोस्त और पक्तिका के दक्षिण-पूर्वी प्रांतों में 5.1 झटके आए। यह 22 जून, 2022 को आए 5.9 तीव्रता के भूकंप के अतिरिक्त था, जिसमें 361,000 से अधिक लोग घायल हुए थे और 1036 जीवन का दावा किया।

संयुक्त राष्ट्र ने देश के पूर्वी हिस्से में आए भूकंप से प्रभावित अफगानिस्तान के लोगों का समर्थन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र केंद्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया कोष (यूएनसीईआरएफ) से 10 मिलियन अमरीकी डालर आवंटित किए।

बहरीन के रॉयल ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन (आरएचएफ) ने हाल ही में आए भूकंप से प्रभावित अफगानिस्तान में लोगों का समर्थन करने के लिए राहत सहायता वितरित करने के लिए शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) के साथ एक समझौता किया है।

भारत ने भूकंप से प्रभावित अफगान नागरिकों की सहायता के लिए राहत सहायता की खेप भी सौंपी थी।

विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पीएआई), जेपी सिंह द्वारा सौंपी गई राहत सहायता में भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में अफगानिस्तान के लोगों का समर्थन करने के लिए परिवार के रिज टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, स्लीपिंग मैट आदि सहित आवश्यक वस्तुएं शामिल थीं।

## यूक्रेन के परमाणु संयंत्र को लेकर चिंता बढ़ी

**कीव ,10 अगस्त 2022।** रूस द्वारा एक बार फिर यूक्रेन के जापोरिज्जया परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर हाल ही दिनों में गोलाबारी की गई, जिसके चलते सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) में कीव के दूत येवेनी जिम्बाल्युक ने वियना में कहा, रूसी कब्जे वाले जापोरिज्जया में यूक्रेनी परमाणु संयंत्र में एक दुर्घटना चेरनोबिल या फुकुशिमा आपदाओं से कहीं अधिक खराब होगी। उन्होंने न केवल यूक्रेन, बल्कि पूरे यूरोप के लिए गंभीर परिणामों की चेतावनी दी।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी मौजूदा स्थिति के खतरे की चेतावनी देते हुए कहा कि परमाणु संयंत्र पर कोई भी हमला आत्मघाती के तौर पर देखा जाता है।

हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि चेरनोबिल और फुकुशिमा में संयंत्रों की तुलना में जापोरिज्जया एक अलग विशेष सुरक्षात्मक परत के लिए बेहतर संरक्षित है।

# श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे थाईलैंड जाएंगे:रिपोर्ट

**कोलंबो [श्रीलंका], 10 अगस्त 2022।** श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे , जिन्हें जुलाई में सत्ता से हटा दिया गया था, के गुरुवार को थाईलैंड पहुंचने की उम्मीद है, जब वह पिछले महीने बड़े पैमाने पर विद्रोह के बाद द्वीप राष्ट्र से भाग गए थे। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि गोटाबाया के सिंगापुर छोड़ने और बैंकॉक जाने की उम्मीद है। डेली मिरर की रिपोर्ट के अनुसार,



श्रीलंका सरकार द्वारा कथित तौर पर सिंगापुर के अधिकारियों से पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को देश में रहने की अनुमति देने का अनुरोध करने के कुछ दिनों बाद ये खबरें आई हैं।

राजपक्षे, जो वर्तमान में सिंगापुर में रह रहे हैं, के 11 अगस्त को देश छोड़ने की उम्मीद है जब उनका वीजा समाप्त हो जाएगा।

पूर्व राष्ट्रपति को पिछले महीने मालदीव से सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर 14 दिनों का यात्रा पास जारी किया गया था और उन्हें वहां दो सप्ताह तक रहने की अनुमति दी गई थी।

श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अभयवर्धने ने 15 जुलाई को राजपक्षे के आधिकारिक इस्तीफे की घोषणा की। 9 जुलाई को प्रदर्शनकारियों की भीड़ के उनके आवास पर धावा बोलने के बाद 73

वर्षीय गोटाबाया राजपक्षे छिप गए थे। रानिल विक्रमसिंघे को तब राष्ट्रपति के रूप में शपथ दिलाई गई थी। श्रीलंका 21 जुलाई को संसद में प्रधान न्यायाधीश जयंत जयसूर्या के समक्ष।

विक्रमसिंघे को पहले श्रीलंका के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया था, जब गोटबाया राजपक्षे के विदेश भाग जाने के बाद उनके महल में अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच गुस्साए प्रदर्शनकारियों द्वारा हमला किया गया था।

श्रीलंका लगातार ईंधन और अन्य आवश्यक आपूर्ति की भारी कमी का सामना कर रहा है और बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ अपने अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। तेल आपूर्ति की कमी ने स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को अगली सूचना तक बंद करने के लिए मजबूर कर दिया है।

घरेलू कृषि उत्पादन में कमी, विदेशी मुद्रा भंडार की कमी और स्थानीय मुद्रा मूल्यह्रास ने कमी को हवा दी है। आर्थिक संकट कई परिवारों को भूख और गरीबी में धकेल देगा - कुछ पहली बार - आधे मिलियन लोगों को जोड़कर, जो विश्व बैंक का अनुमान है कि महामारी के कारण गरीबी रेखा से नीचे गिर गए हैं।

# थाईलैंड ने पूर्व श्रीलंकाई राष्ट्रपति गोटाबाया द्वारा शरण मांगने की खबरों का खंडन किया

**कोलंबो, 10 अगस्त 2022।** थाईलैंड ने उन रिपोर्टों का खंडन किया है कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने देश में शरण मांगी है।

थाईलैंड के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसे राजपक्षे से राजनीतिक शरण मांगने के इरादे से देश की यात्रा करने का अनुरोध मिला है।

डेली मिरर ने थाईलैंड मंत्रालय के प्रवक्ता तनी संग्रत के हवाले से कहा, ÷थाईलैंड को राजपक्षे के राजनयिक पासपोर्ट में प्रवेश करने में कोई समस्या नहीं थी, जो उन्हें 90 दिनों तक रहने की अनुमति देगा।÷

मालदीव के बाद थाईलैंड दूसरा दक्षिण पूर्व एशियाई देश होगा जहां पिछले महीने बड़े पैमाने पर विरोध के बीच राजपक्षे अपने द्वीप राष्ट्र से भागने के बाद अस्थायी आश्रय की मांग कर रहे हैं।

इससे पहले, यह बताया गया था कि श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के 11 अगस्त को सिंगापुर से बैंकॉक की यात्रा करने की उम्मीद है, जब उनका वीजा अब वैध नहीं है।

पूर्व राष्ट्रपति को पिछले महीने मालदीव से सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर पहुंचने पर 14 दिनों का यात्रा पास जारी किया गया था और उन्हें वहां दो सप्ताह तक रहने की अनुमति दी गई थी।

श्रीलंकाई संसद के अध्यक्ष महिंदा यापा अबेवर्धने ने 15 जुलाई को राजपक्षे के आधिकारिक



इस्तीफे की घोषणा की। गोटाबाया राजपक्षे

के इस्तीफे के बाद, रानिल विक्रमसिंघे ने 21 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश जयंत जयसूर्या के समक्ष संसद में श्रीलंका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली।

विक्रमसिंघे को पहले श्रीलंका के अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में नियुक्त किया गया था, जब राजपक्षे के विदेश भाग जाने के बाद अभूतपूर्व आर्थिक संकट के बीच नाराज प्रदर्शनकारियों द्वारा उनके महल पर धावा बोल दिया गया था।

श्रीलंका लगातार ईंधन और अन्य आवश्यक आपूर्ति की भारी कमी का सामना कर रहा है और बढ़ती मुद्रास्फीति के साथ अपने अब तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है। तेल आपूर्ति की कमी ने स्कूलों और सरकारी कार्यालयों को अगली सूचना तक बंद करने के लिए मजबूर कर दिया है। द्वीप राष्ट्र के लोग आईएमएफ से एक खैरात पैकेज देने की उम्मीद कर रहे हैं। श्रीलंका अपनी आजादी के बाद से गंभीर खाद्य संकट का सामना कर रहा है। खाद्य मुद्रास्फीति की दर जून तक 80 प्रतिशत से अधिक है और आने वाले महीनों में इस प्रवृत्ति के बढ़ने की संभावना है। 2022 की शुरुआत के बाद से, श्रीलंका ने एक बढ़ते आर्थिक संकट का अनुभव किया है और सरकार ने अपने विदेशी ऋणों पर चूक की है। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि 5.7 मिलियन लोगों को तत्काल मानवीय सहायता की आवश्यकता है।

# क्या बैकुण्ठपुर विधानसभा में आजादी की गौरव यात्रा औपचारिकता बनकर रह गई है?

» बैकुण्ठपुर विधायक की गौरव यात्रा ढाई किलो मीटर तक चली,उसमें भी कांग्रेसियों की संख्या 50 के पार नहीं हुई।

» एक विधानसभा में 6 दिन में 75 किलोमीटर की आजादी की गौरव यात्रा को करना है पूर्ण।

» पहले दिन सिर्फ ढाई किलो मीटर की निकली गौरव यात्रा 6 दिन में कैसे होगा 75 किलोमीटर का लक्ष्य पूरा?

» बैकुण्ठपुर विधायक की गौरव यात्रा में दिखी भीड़ कम आलोचनाएं हो रही खूब।

» प्रदेश से जारी पत्र का नहीं हो रहा है बैकुण्ठपुर विधानसभा में पालन,गौरव यात्रा की जानकारी बहुत सारे कांग्रेसियों को है ही नहीं।

» मनेंद्रगढ़ विधायक के गौरव यात्रा में दिखा शक्ति प्रदर्शन,वहीं बैकुण्ठपुर विधायक के गौरव यात्रा में नहीं दिखी कांग्रेसियों की भीड़।

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी व प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि प्रदेश के समस्त विधानसभा में आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर आजादी की गौरव यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 75 किलोमीटर की पदयात्रा संपन्न की जाएगी, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा पत्र लिखकर आदेशित किया गया था कि इस गौरव यात्रा में संगठन के पदाधिकारी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होंगे और यदि नहीं होंगे तो वह विधिवत सूचना देंगे, जहां मनेन्द्रगढ़ विधायक ने पदयात्रा में अपना शक्ति प्रदर्शन दिखाते हुए जोरदार भीड़ के साथ तिरंगा को लेकर पदयात्रा निकाली तो वही बैकुण्ठपुर विधानसभा में इस पदयात्रा का असर फीका दिखा, पदयात्रा तो निकाली गई पर उस पदयात्रा में तिरंगा की जगह कांग्रेस का झंडा देखने को मिला, उस पदयात्रा में बैकुण्ठपुर विधानसभा के कांग्रेस पदाधिकारी भी पुरे शामिल नहीं हुए और ना ही कांग्रेस समर्थित लोग शामिल दिखे, ढाई किलो मीटर की पदयात्रा हुई उसके बाद गाड़ी में बैठ कर लोग चलते भी बने, यह प्रदेश से जारी आदेश पर औपचारिकता निभाने जैसा देखा गया, जिसे लेकर वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई और उस वीडियो को देखकर लोगों ने मजे भी लिए, जहां कांग्रेस ने इस सोच के साथ पदयात्रा को निकाली थी कि जनप्रतिनिधियों का जुड़ाव लोगों से होगा और कांग्रेस मजबूत होगी, आगामी चुनाव को लेकर भी यह यात्रा तैयारी की एक रणनीति थी,



पर इस रणनीति को भी विधायक व संगठन के लोगों ने सिर्फ औपचारिकता बतौर निभाकर अपने ही संगठन के आदेशों की अवहेलना किया, आखिर विधायक की उपस्थिति में गौरव पदयात्रा में भीड़ का ना होना भी यह बताता है कि विधायक का जन सरोकार कितना है ना तो पदाधिकारी पहुंच रहे हैं और ना विधायक समर्थित लोग पहुंच रहे हैं और ना कांग्रेस समर्थित लोग पहुंच रहे हैं फिर यह 75 किलोमीटर की गौरव यात्रा की सफलता 6 दिनों में कैसे होगी यह एक बड़ा सवाल है और पार्टी को भी बैकुण्ठपुर विधानसभा के लिए सोचने पर मजबूर होना पड़ सकता है।

### संगठन के पदाधिकारियों को बैठक की नहीं मिली जानकारी

संगठन के कुछ पदाधिकारियों से इस संबंध में जब पूछा गया तो उन्होंने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि इसकी बैठक की जानकारी संगठन के अध्यक्ष द्वारा किसी को मुहैया नहीं कराई गई, कुछ लोगों को इसके लिए फोन आया पर जिस ने फोन करके बुलाया वह खुद इस बैठक से गायब रहे, 10 लोगों के बीच बैठक लेने वाले गायब रहे तो वह 10 लोग भी इंतजार करके चलते बने, अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि कांग्रेस के पदाधिकारी कितने अपने पार्टी के लिए वफादार हैं और कितने ने पार्टी के लिए लड़ाई लड़ेंगे और अपनी पार्टी को मजबूत करेंगे यह सवाल अब उठ खड़ा हुआ है?

### बैकुंठपुर विधानसभा में आजादी की गौरव यात्रा को लेकर नहीं थी कोई तैयारी

बैकुंठपुर विधानसभा में आजादी की गौरव यात्रा को लेकर ना तो विधिवत तरीके से बैठक हुई ना तो रूट चार्ट बना और ना तो इस 6 दिनों में 75 किलोमीटर किस रूट में चलना है इसकी सूचना किसी को दी गई, किस दिन कितने समय पहुंचकर इस पदयात्रा को शुरू करना है इस बात की भी जानकारी किसी को नही थी, यह यात्रा तिरंगे के साथ निकालनी थी



पर यात्रा कांग्रेस के झंडे के साथ निकाली गई, इन सब चीजों से लोग अनभिज्ञ रहे है खुद कांग्रेसी व कांग्रेस समर्थित लोग भी जारी आदेश से अनभिज्ञ रहे, यही वजह थी कि गौरव यात्रा में भीड़ नहीं दिखी ऐसा लगा कि चंद कांग्रेसी व विधायक के साथ कांग्रेस का झंडा लेकर सिर्फ अपने प्रदेश संगठन के आदेश का औपचारिकता निभा रहे है।

### आजादी का गौरव यात्रा बैकुण्ठपुर विधानसभा में औपचारिकता बनकर रह गई

आजादी की 75 वीं वर्षगांठ पर प्रदेश से जारी आदेश अनुसार प्रत्येक विधानसभा को पूरी जिम्मेदारी से अपने विधानसभा में तिरंगा गौरव यात्रा निकालने का आदेश जारी हुआ है। बैकुंठपुर विधानसभा का तिरंगा यात्रा केवल औपचारिकता पूर्ण करता नजर आया जहां कांग्रेस के ही प्रथम पंक्ति के लोग नदारद दीखे क्योंकि उन्हें सूचना ही नहीं मिली वहीं विधायक के साथ जो लोग यात्रा में




शामिल हुए वह कुछ किलोमीटर चलकर गाड़ियों में बैठकर रवाना हो लिए। बैकुंठपुर विधायक का अपना अमला वैसे भी शुरू से कम है, संगठन के वरिष्ठ पहले से ही उनसे दूरी बनाए हुए हैं क्योंकि उन्हें बेहतर तवज्जो कभी मिली हो यह नजर नहीं आया वहीं जो युवा वर्ग के लोग विधायक के अमले में शामिल हैं उन्हें अपने व्यवसाय और रोजगार से ही फुर्सत नहीं मिलती जिसकी वजह से विधायक हमेशा अकेली ही नजर आती हैं और जो इस यात्रा में भी नजर आया।

### 75 किलोमीटर की यात्रा कैसे होगी पूर्ण, उठ रहा सवाल ?

6 दिनों में 75 किलोमीटर तिरंगा गौरव यात्रा निकाली जानी है जो पदयात्रा है। अब जब पहले ही दिन कुल कुछ किलोमीटर यात्रा चल सकी और नेताओं को वाहन ही याद आया तो ऐसे में बचे शेष दिनों में यह यात्रा कैसे अपनी पूर्णता प्राप्त करेगी यह सवाल उठ रहा है।

### तिरंगे की जगह कांग्रेस के झंडे को भी लेकर उठ रहे सवाल

बैकुंठपुर विधायक के द्वारा निकाली गई तिरंगा गौरव यात्रा में तिरंगे की जगह कांग्रेस पार्टी का झंडा नजर आया,जबकि तिरंगा लेकर यात्रा निकाली जानी है,अब यह सवाल उठ रहा है कि बैकुंठपुर विधायक तिरंगा गौरव यात्रा निकाल रहीं हैं या कांग्रेस यात्रा।वहीं तिरंगे की जगह कांग्रेस पार्टी के झंडे के साथ गौरव यात्रा को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि क्या विधायक का तिरंगे से प्रेम कम है या बिल्कुल नहीं है जो उन्होंने तिरंगे से परहेज किया है।

### कांग्रेस कमेटी का आदेश आजादी की 75वें वर्ष हीरक महोत्सव आजादी की गौरव यात्रा 9 से 14 अगस्त

प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ ने पत्र जारी कर कहा था की आजादी के 75वें वर्ष हीरक महोत्सव के समापन अवसर पर 09 से 14 अगस्त 2022 तक प्रदेश के समस्त विधानसभा क्षेत्रों में चलाये जा रहे आजादी की गौरव यात्रा (75 कि.मी. की पदयात्रा) है ज्यादा हो सकता है पर कम नहीं, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्थानीय प्रदेश पदाधिकारी, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लाक अध्यक्ष एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, मोर्चा संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों, निगम-मंडल-बोर्ड के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों सहित बूथ स्तर से सभी पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से इस आजादी की गौरव यात्रा में शामिल होना अनिवार्य है। यदि किसी कारणवश पदयात्रा में शामिल नहीं हो पा रहे हैं, तो उसकी विधिवत सूचना अपने स्थानीय संगठन के अध्यक्षों के माध्यम से प्रदेश कांग्रेस कमेटी का प्रेषित करें। साथ ही, आजादी की गौरव यात्रा की दैनिक प्रतिवेदन, दोपहर 3 बजे तक दो फोटोग्राफ्स के साथ पदयात्रा का रूट व कुल तय दूरी सहित नेतृत्वकर्ता एवं उपस्थित कार्यकर्ताओं की सूची के साथ प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अनिवार्य रूप से प्रेषित किया जाना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम को गंभीरता से लेते हुए दिये गये निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंने की हिदायत भी दिया था।

### राष्ट्रीय कांग्रेस के आह्वान पर मनेंद्रगढ़ विधायक के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी शामिल हुए पद यात्रा में

देशभर में केंद्र की भाजपा सरकार के तानाशाही रवैया देश में बढ़ रही महंगाई बेरोजगारी और निजीकरण के कारण देश की जनता की टूट रही कमर को मजबूत करने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर पद यात्रा की शुरवात की गई आपको बता दे. की आजादी के पूर्व अंग्रेजों के चंगुल से भारत देश को आजादी दिलाने और उनके चंगुल से छुड़ाने के लिए देशभर में अंग्रेजो भारत छोड़ो अभियान चलाया गया था। उसी प्रकार केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने कांग्रेस पार्टी का भारत जोड़ो अभियान पद यात्रा का आगाज किया गया है। इस तारतम्य में मंगलवार को मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ.विनय जायसवाल के नेतृत्व में मनेंद्रगढ़ विधानसभा के चिरमिरी के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी में स्थापित श्री राधा कृष्ण मंदिर परिसर से पूजा अर्चना करते हुए इस बड़ी यात्रा का शुभारंभ किया गया। यह यात्रा शहर के हृदय स्थल हल्दीबाड़ी से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए कालीबाड़ी होते हुए बड़ी बाजार होकर गोदरी पारा से ग्राम भूकभूकी तक पहुची। पदयात्रा के दौरान समस्त कांग्रेस जन हाथ में राष्ट्र ध्वज तिरंगा के साथ गांधीवादी तरीके से सफ़ेद कुर्ता पजामा और सफेद टोपी में नजर आए। यह पद यात्रा चिरमिरी नगर निगम के सभी वार्डो से होकर खड़गवां ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र और मनेंद्रगढ़ विधानसभा अंतर्गत आने वाले मनेंद्रगढ़ विकासखंड क्षेत्र से होकर नगर पंचायत झगराखंड से नगर पालिका क्षेत्र मनेंद्रगढ़ में इस पदयात्रा का समापन होगा।

# आधी रात नहर का तटबंध टूटने से आई आफत

## बस्तियों में घुसा पानी,बेघर हुए 35 परिवार को दिलाई गई निगम के राहत कैंप में शरण

-राजा मुखर्जी-

कोरबा, 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। शहर के सीतामढ़ी से होकर बहने वाली हसदेव बायीं तट नहर का पानी नाले में समाकर ओवरफ्लो होकर इमली डुग्गू सहित तीन बस्तियों में घुस गई। जिससे 35 परिवार के मकानों में पानी भर आया। अल सुबह आई आफत की वजह से लोगों को प्रशासन की पहल पर अस्थाई राहत शिविर में शरण दी गई है। प्रारंभिक तौर पर बताया जा रहा है कि, नहर का तटबंध का निचला हिस्सा सुबह 5 बजे फूट गया। जिसका पानी नाले में गया ,नाले का बैक वाटर ओवरफ्लो होकर इमलीडुग्गू, बंसोड़ मोहल्ला,भैयालाल मोहल्ला में घुस गया । जिससे अचानक घरों में 4 से 5 फीट ऊपर पानी भर गया । 35 परिवार इससे



प्रभावित हुए हैं। जिस वक्त यह घटना हुई, लोग अपने घरों में सो रहे थे कि एकाएक पानी भरने से हड़कंप मच गया। घरों में पानी घुसने की वजह से लोग अपना और सामानों का बचाव करने के लिए जद्दोजहद करते रहे । घटना की जानकारी होते ही वार्ड 08 के पार्षद सुफल दास महंत अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर बचाव और राहत कार्य में जुट गए। स्वयंसेवकों के द्वारा भी इस कार्य में मदद की जा रही है । इलाके की बिजली बंद कराने के साथ ही नहर विभाग को सूचना देकर नहर का पानी रुकवाया गया । पार्षद ने बताया कि नहर का पानी उसके ऊपर निर्मित पुल के पाया से उछलकर ऊपर की ओर बह रहा है और पानी भिलाई खुर्द की ओर आगे नहीं जा पा रहा है, यह एक तरह से अप्रत्याशित घटनाक्रम है, जिसमें तटबंध फूटने जैसी कोई बात फिलहाल सामने नहीं आई है। अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया । उन्होंने अपनी निगरानी में 35 प्रभावित परिवारों को निगम के अस्थाई राहत कैंप में शरण दिलाई । जहां उन्हें भोजन ,दवाई व अन्य सुविधाएं मुहैया कराई गई है।

# एसईसीएल सीएमडी कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट का निरीक्षण कर लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाने के दिए निर्देश

-नगर संवाददाता-

कोरबा, 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। सीएमडी एसईसीएल डॉ प्रेम सागर मिश्रा, फ़ील्ड विज़िट पर कुसमुंडा मेगा प्रोजेक्ट पहुंचे । व्यू प्वाइंट पर विभागाध्यक्षों के साथ बैठक उपरांत उन्होंने 42 क्यूबिक मीटर शॉवल के साथ संचालित हो रहे ओबी पैच का निरीक्षण किया । इसके बाद , वे गोदावरी कोल पैच और फिर बरकुटा कोल-ओबी पैच में पहुँचे । उन्होंने सरफेस माइनर का ऑपरेशन देखा तथा नए पैच के विकसित किए जाने से सम्बंधित प्रगति की जानकारी ली । उत्खनन टीम को निर्देश देते हुए सीएमडी एसईसीएल ने कहा कि मशीनों की उपलब्धता तथा उनका उपयोग दोनों की अभिवृद्धि की दिशा में प्रयास किए जाएँ । उन्होंने ई एंड एम



टीम से जल निकासी की व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी लिया तथा आवश्यक निर्देश दिए । वे नारायणी पैच भी गए । खदान के निरीक्षण उपरांत उन्होंने माइनिंग एवं उत्खनन संवर्ग के अधिकारियों की बैठक ली तथा लक्ष्य प्राप्ति के लिए हरसंभव कदम उठाने के निर्देश दिए । कुसमुंडा परियोजना एसईसीएल की ही नहीं बल्कि कोल इण्डिया के मेगा प्रॉजेक्ट्स में महत्वपूर्ण स्थान रखता है ।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय,पोड़ीडीह में धूमधाम से मनाया गया आदिवासी दिवस

-नगर संवाददाता-

खड़गवां 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। विकासखण्ड खड़गवां में पोडीडीह स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में दिनांक 9 अगस्त 2022 को सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जिला कोरिया डी.डी. तिग्गा के निर्देशानुसार धूमधाम से विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अनिल कुमार साहू, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के छात्रावास अधीक्षक राम प्रसाद सिंह एवं कार्यक्रम की अध्यक्ष रजनी तिग्गा की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के छात्रों द्वारा मनमोहक गीत, संगीत, नाटक और विभिन्न प्रकार के नत्य की प्रस्तुति



दी गई। छात्रों की शानदार प्रस्तुति ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अतिरिक्त छात्रों द्वारा विद्यालय के शिक्षक सर्व दिलीप पटेल, डेविड लाल,अतिष टोप्पो एवं रेनू यादव के कुशल नेतृत्व में निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम आशीष कुमार तिवारी,सरोज गुप्ता, शकुंतला दास, प्रिया तिवारी,अनूपा तिर्की, अर्चना कश्यप और श्रंद्धाजलि गौड़ के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार के द्वारा किया गया और कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के शिक्षक अभिषेक कुमार पाण्डेय ने उपस्थित अभिभावकों और गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की पाल श्रीत कुमार महोबिया और संदीप नायक का सहयोग प्राप्त हुआ।

# सावन के अंतिम सोमवार को प्रेमा बाग शिव मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण अभिषेक एवं पूजन सम्पन्न

-रवि सिंह-

बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। 8 जुलाई को सावन के अंतिम सोमवार को सुबह 9 बजे आचार्य सुरेशानंद जी शास्त्री चित्रकूट धाम के द्वारा प्रेमा बाग शिव मंदिर परिसर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण अभिषेक एवं पूजन कियागा, जिसमे शहरवासी शामिल हुए।



बैकुंठपुर प्रेमा बाग प्रांगण में सावन के आखिरी सोमवार के दिन चित्रकूट से पधारे आचार्य श्री सुरेशानंद जी महाराज के द्वारा प्रेमा बाग प्रांगण में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण व अभिषेक पूजन के बाद विसर्जन किया गया, शिवलिंग पूजा अभिषेक में प्रमुख रूप से देवराहा बाबा सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, आशीष शुक्ला, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशीष यादव, आशीष शुक्ला, धीरेंद्र मिश्रा, अरविंद सिंह डब्लू, विपिन जायसवाल, सुभाष साहू, भानु पाल, अनुराग दुबे, पार्षद शिल्पा गुप्ता, पार्षद रीमा जयसवाल, पार्षद ममता पनिका, अवधेश सिंह, अंकित गुप्ता, अवनींद्र सिंह, चंदेल, राजीव गुप्ता, मनोज सोनी, दीपक साहू, रजनीश गुप्ता, गप्पू जायसवाल, आयुष नामदेव, ऋषि शिवहरे, मनोज गुप्ता, रितिक शिवहरे एवं देवराहा बाबा सेवा समिति के सभी सदस्य एवं सभी सम्मानीय माताएं बहने उपस्थित थी।

# अवैध मुरुम लोड 2 हाईवा ट्रक जब्त



-नगर संवाददाता-

बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। जिला के मुख्यालय से लगे आनी में अवैध मुरुम परिवहन करते खनिज विभाग ने 2 हाईवा ट्रक को जब्त किया है। आपको बता दे की जिला मुख्यालय से लगे ग्रामीण क्षेत्र में पिछले कई दिनों से माफियायों द्वारा अवैध मुरुम उत्खनन व परिवहन करने की खबर सामने आ रही थी। जिसके बाद देर रात खनिज विभाग को सूचना मिली कि जिला मुख्यालय से लगे आनी में 2 हाईवा ट्रक अवैध मुरुम परिवहन कर रहे है ,खनिज विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर दबिश देते हुए 2 हाईवा गाड़ी जिसका गाड़ी क्रमांक सीजी 16 सी पी 1400, सीजी 16 सी पी 1399 को जब्त किया और दोनो हाईवा चरचा थाने में खड़ा कर दिया है। त्रिवेणी देवांगन जिला खनिज अधिकारी- वही खनिज विभाग के अधिकारी ने बताया कि दोनो गाड़ी के मालिक आरोपी के ऊपर सीजीएमएमआर 2015 के तहत कार्यवाही की जाएगी।




# शासकीय स्कूल नागपुर से चोरी हुआ फर्नीचर,साउण्ड बाक्स पुलिस ने किया बरामद

## शासकीय स्कूल के चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार,चोरी में स्कूल का स्टाफ भी रहा शामिल

-नगर संवाददाता-

बैकुण्ठपुर 10 अगस्त 2022 (घटती-घटना)। थाना पोड़ी के पुलिस चौकी नागपुर में शास0 उ0मा0शाला नागपुर की प्रभारी प्राचार्य श्रीमति अनुग्रहित तिर्की द्वारा दिनांक 08.08.22 को रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि शाला के पुराने भवन के कमरों से 09 नग कम्प्यूटर टेबल, 09 नग प्रोजेक्टर साउण्ड बॉक्स तथा एक नग कुलर को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाया गया है। जिसकी रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भा0द0वि0 का अपराध कायम कर घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक कोरिया त्रिलोक बंसल को दी गई। एसपी कोरिया द्वारा एक टीम गठित कर तत्काल आरोपियों के बारे में पता साजी करने हेतु निर्देशित किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक चिरमिरी पीपी सिंह के मार्ग दर्शन में एक टीम बनाकर अज्ञात आरोपियों को चोरी की पतासाजी में लगाया गया, संदेह के आधार पर शाला के पुराने भवन के कमरों में संचालित



शासकीय नवीन महाविद्यालय में कार्य करने वाले प्राईवेट चपरासी अमर सिंह एवं प्राईवेट चौकीदार शिवलाल सिंह को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया तो दोनो के द्वारा कॉलेज के लैब टैक्नीशियन राहुल सेन के कहने पर उनके साथ मिलकर फर्नीचर चोरी की घटना करना स्वीकार किये, राहूल सेन को भी पकड़ा जाकर घटना बाबत पूछताछ करने पर घटना करना बताया कि आरोपियों के कब्जे से स्कूल से चोरी गया फर्नीचर 09 नग कम्प्यूटर टेबल तथा कुल 09 नग प्रोजेक्टर साउण्ड बॉक्स एवं एक नग हरे रंग का पुराना कुलर कीमती करीब 20 हजार रूपये का बरामद कर जप्त किया गया तथा चोरी के फर्नीचर आदि को ढोकर ले जाने साधन के लिए, इस्तेमाल में लाया गया वाहन काले रंग का हीरो स्पेलण्डर मोटर सायकल क्रमांक- सी.जी./16-सी./8624, कीमती करीब 15 हजार रूपये का भी जप्त किया गया आरोपी राहूल सेन उम्र 32 वर्ष निवासी मनेन्द्रगढ़ शिवलाल सिंह उम्र 27 वर्ष एवं अमर सिंह उम्र 27 वर्ष निवासी लोहारी थाना पोड़ी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक सुनील सिंह चौकी प्रभारी नागपुर सहायक उप निरीक्षक राकेश शर्मा प्रधान आरक्षक रामरूप सिंह आरक्षक रोशन एक्का, दिनेश यादव, मनोज कुमार व अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# एशिया कप के लिए दिनेश कार्तिक के चयन से नाखुश दिखे अजय जडेजा

**नयी दिल्ली,10 अगस्त 2022।** एशिया कप 2022 के लिए बीसीसीआई ने 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया है। ऐसे में दिनेश कार्तिक को भी मौका मिला है। दिनेश कार्तिक ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 में आरसीबी के लिए कई बेहतरीन पारियां खेली थीं। जिसकी बदौलत उन्हें भारतीय क्रिकेट टीम में शामिल किया गया और फिर उन्होंने कई द्विपक्षीय सीरीज में अच्छा प्रदर्शन भी किया। उन्होंने छोटी मगर महत्वपूर्ण पारियां खेली हैं। हालांकि एशिया कप में दिनेश कार्तिक के चयन को लेकर पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने बड़ी बात कही।

अजय जडेजा ने कहा कि एशिया कप में प्लेइन इलेवन में दिनेश कार्तिक को जगह नहीं मिलेगी। ऐसे में आप कमेंट्री कर सकते हैं। इसके साथ ही अजय जडेजा ने दिनेश कार्तिक को बेहतरीन कमेंटेटर बताया। उन्होंने कहा कि अगर आप आक्रामक क्रिकेट खेलना चाहते हो तो आपकी सोच भी अलग होनी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि रोहित शर्मा अगर महेंद्र सिंह धोनी वाली रणनीति के आधार पर खेलते हैं तो विराट कोहली के टीम में आने पर हर कीमत पर दिनेश कार्तिक को रखना होगा। लेकिन रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने आक्रामण करने की रणनीति बनाई है। ऐसे में विराट कोहली को भी टीम से बाहर किया जा सकता है। इससे अलावा उन्होंने



दिनेश कार्तिक को भी प्लेइन में शामिल नहीं करने की बात कही है। अजय जडेजा ने मोहम्मद शमी को अपनी टीम में जरूर शामिल करने की बात कही है। बता दें कि टी20 विश्व कप के बाद से मोहम्मद शमी ने एक भी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला नहीं खेला है। इसके बावजूद अजय जडेजा ने मोहम्मद शमी पर दांव खेलना चाहते हैं। सबसे चौंका देने वाली बात तो यह है कि अपनी टीम में अजय जडेजा ने भुवनेश्वर कुमार को जगह नहीं दी है।

### क्या कार्तिक को मिलेगी प्लेइन-11 में जगह

आपको बता दें कि विराट कोहली और केएल राहुल की टीम में वापसी के बाद दिनेश कार्तिक को प्लेइन-11 में जगह मिले इसकी संभावना काफी कम दिखाई दे रही है। क्योंकि हार्दिक पांड्या और रवींद्र जडेजा जैसे ऑलराउंडर पहले से ही टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके अलावा केएल राहुल के आने से रोहित शर्मा को एक बेहतरीन ओपनर मिल गया और 3 नंबर पर विराट कोहली बल्लेबाजी कर सकते हैं।

एशिया कप के लिए भारतीय टीम- एशिया कप के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई में 15 सदस्यीय टीम में विराट कोहली और केएल राहुल की वापसी हुई है। इसके अलावा केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है। इस टीम में सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन, यजुवेंद्र चहल, रवि बिश्नोई, भुवनेश्वर कुमार, अर्शदीप सिंह और आवेश खान को चुना गया है।

## टी 20 रैंकिंग में सूर्यकुमार दूसरे नंबर पर

### अय्यर ऊपर बढ़े,बिश्नोई और कुलदीप को भी फायदा

**दुबई ,10 अगस्त 2022।** भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी ताजा आईसीसी टी20 रैंकंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं जबकि हमवतन श्रेयस अय्यर दो पायदान के फायदे से 19वें स्थान पर पहुंच गये। पाकिस्तान के बाबर आजम बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर काबिज हैं और सूर्यकुमार यादव भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर बने हुए हैं जिनके 805 अंक हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ हाल में समाप्त हुई श्रृंखला के अंतिम टी20 मुकाबले में 40 गेंद में 64 रन की पारी खेलने वाले अय्यर पहले चार मैचों में बड़ी पारी नहीं खेल सके थे। गेंदबाजों में स्पिनर रवि बिश्नोई और कुलदीप यादव को रैंकिंग में बड़ा फायदा हुआ है।



बिश्नोई (21 वर्ष) ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दो मैचों में छह विकेट झटके थे जिससे वह 50 पायदान की छलांग से 44वें स्थान पर पहुंच गये। वहीं कुलदीप ने अंतिम मैच में तीन विकेट चटकाये थे, उन्होंने 58 पायदान की छलांग लगायी जिससे वह 87वें नंबर पर काबिज होने में सफल रहे। हालांकि सीनियर तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बावजूद एक पायदान नीचे नौवें स्थान पर खिसक गये। दक्षिण अफ्रीका के रीजा हेंड्रिक्स को टी20 में काफी लाभ हुआ है, वह आयरलैंड पर श्रृंखला में 2-0 की जीत के दौरान 74 और 42 रन की पारी की बदौलत 13वें स्थान पर पहुंच गये।

दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज 10 पायदान के फायदे से गेंदबाजों की सूची में 18वें स्थान पर पहुंच गये जबकि दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी (23वें नंबर) और न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्यूसन (31वें नंबर) ने भी रैंकिंग में अपने स्थान में सुधार किया है। पाकिस्तानी कप्तान आजम टी20 में नंबर एक रैंकिंग के बल्लेबाज बने हुए हैं जबकि आस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड और अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी क्रमश- गेंदबाजों और आल राउंडर की सूची में पहले स्थान पर काबिज हैं।

## महेला जयवर्धने ने कहा,ऋषभ पंत में ओपनिंग की क्षमता,विराट की फॉर्म पर कही ये बात

**नयी दिल्ली,10 अगस्त 2022।** श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने ने 2022 एशिया कप में जाने वाली भारतीय टीम के बारे में खुलकर बात की है। इस बार यह टूर्नामेंट 27 अगस्त से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेला जाएगा। जयवर्धने ने कहा, यह भारत के लिए चिंता का विषय होगा कि केएल राहुल बिना किसी खेल के टूर्नामेंट में जाएंगे। उन्होंने कहा कि राहुल को जितनी जल्दी कुछ खेल का समय मिल जाए, उतनी ही जल्दी उन्हें आत्मविश्वास वापस मिल जाएगा। यह उनके और भारत के लिए उतना ही अच्छा है।



पंत ओपनिंग का विकल्प

जयवर्धने ने ऋषभ पंत को बल्लेबाजी की शुरुआत के विकल्प के रूप में भी बताया। उन्होंने कहा कि हालांकि उन्होंने सर्किट में ज्यादा कुछ नहीं किया है, लेकिन उनमें ऐसा करने की क्षमता है। जयवर्धने ने आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट पर कहा, ÷भारत हमेशा अगली पीढ़ी के क्रिकेटरों को लाने की कोशिश कर रहा है।÷ ÷जिम्बाब्वे दौरा उन लोगों के लिए वहां हिट करने का एक अच्छा मौका है। पंत की पारी की शुरुआत पर उन्होंने कहा कि यह एक विकल्प है, भले ही उन्होंने घरेलू क्रिकेट में ज्यादा कुछ नहीं किया है। लेकिन उसके पास ऐसा करने की क्षमता है।÷

विराट की फॉर्म पर कही ये बात

खराब दौर से गुजर रहे विराट कोहली की फॉर्म पर भी जयवर्धने ने अपनी बात रखी। उन्होंने इसे ÷दुर्भाग्यपूर्ण÷ कहा, लेकिन उनका मानना है कि उनके पास खराब फॉर्म से बाहर आने के लिए टूल हैं। जिम्बाब्वे के भारत दौरे के लिए कोहली को आराम देने के बारे में उन्हें लगता है कि यह एक बातचीत है जो भारतीय बल्लेबाज ने प्रबंधन और कोच के साथ की होगी। उन्होंने कहा, ÷यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विराट इस समय जिस दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन मुझे लगता है कि वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। राहुल द्रविड़ और प्रबंधन ने विराट के साथ बातचीत की होगी। मुझे लगता है कि कुछ बहुत सकारात्मक बातचीत हुई होगी।

क्लास स्थायी है विराट की फॉर्म पर जयवर्धने ने कहा, ÷क्लास एक ऐसी चीज है जो स्थायी है, फॉर्म अस्थायी है। मेरा मानना है कि विराट के पास इससे बाहर निकलने के टूल्स हैं। वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि वह फॉर्म में वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि 2022 एशिया कप श्रीलंका, पाकिस्तान और भारत में से कोई एक देश जीतेगा। जयवर्धने ने निष्कर्ष निकाला कि भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल मुकाबला खेला जा सकता है। बता दें कि विराट कोहली का बल्ला बीते कुछ सालों से कुछ खास कमाल नहीं कर पाया है। उन्होंने 2019 में आखिरी शतक जड़ा था।

# मुंबई इंडियंस ने यूएई और दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में नई फ्रेंचाइजी के नामों का किया ऐलान

**नयी दिल्ली,10 अगस्त 2022।** आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के ओनर ने आज, बुधवार को अपनी दो नई फ्रेंचाइजी के नाम और लोगो का खुलासा किया। मुकेश अंबानी के स्वामित्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका और यूएई में होने वाली टी20 लीग में निवेश किया है। जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज ने दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग में केप टाउन स्थित टीम को खरीदा, वहीं आईएलटी20 में एक टीम खरीदी। केप टाउन स्थित फ्रेंचाइजी को एमआई केपटाउन के नाम से जाना जाएगा जबकि एमआई एमिरेट्स उनकी आईएलटी 20 टीम का नाम होगा। मुंबई इंडियंस ने ट्विटर पर दोनों टीमों के हैंडल पेश किए और परिवार में उनका स्वागत किया।

फ्रेंचाइजी का होगा ये नाम एमआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया , एमआई एमिरेट्स और एमआई केप टाउन, इन नामों को इसलिए चुना गया क्योंकि ये उन विशिष्ट शहरों की टीमें होंगी। एमआई एमिरेट्स या ध्वन्यात्मक रूप से माई एमिरेट्स और माई केप टाउन, अमीरात और केप टाउन दोनों के फैंस को समर्पित हैं। नई संस्थाएं प्रतिष्ठित मुंबई इंडियंस की पहचान लेती हैं और स्थानीय प्रभाव में बुनती हैं। वैश्विक विस्तार लीग में उन मूल्यों और मूल्यों



को लाएगा, जिन्होंने मुंबई इंडियंस को फ्रेंचाइजी क्रिकेट में सबसे पसंदीदा टीमों में से एक बनाने में मदद की है।

नीता अंबानी ने कही ये बात रिलायंस इंडस्ट्रीज की निदेशक नीता एम अंबानी ने कहा, ÷मुझे एमआई एमिरेट्स और एमआई केप टाउन का स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो सबसे नया है। हमारे लिए एमआई क्रिकेट से आगे निकल जाता है। यह सपने देखने, निडर होने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की क्षमता का प्रतीक है। मुझे यकीन है कि एमआई एमिरेट्स और एमआई केप टाउन दोनों समान लोकाचार को अपनाएंगे और एमआई की वैश्विक क्रिकेट विरासत को और भी अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएंगे! आईपीएल की सबसे सफल टीम है मुंबई मुंबई इंडियंस आईपीएल की सबसे सफल फ्रेंचाइजी है। एमआई ने 5 बार आईपीएल का खिताब अपने नाम किया है, वहीं एक बार रनरअप रही है। हालांकि आईपीएल 2022 में फ्रेंचाइजी का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा था। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम ने 14 में से सिर्फ 4 ही मुकाबले जीते थे और टीम आखिरी पायदान पर रही थी। मुंबई इंडियंस साल 2020, 2019, 2017, 2015 और 2013 में आईपीएल की विजेता रही है। वहीं 2010 में एमआई रनरअप रही थी। फाइनल में उसे चेन्नई के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

## दिसंबर में खेली जाएगी लंका प्रीमियर लीग

**कोलम्बो ,10 अगस्त 2022।** पिछले महीने देश में व्याप्त आर्थिक संकट के कारण स्थगित किया गया लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) का तीसरा सीज़न इस साल दिसंबर में खेला जाएगा। एलपीएल टूर्नामेंट के आयोजक सामंथा डोडनवेला ने मीडिया से कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि एलपीएल 6 से 23 दिसंबर के बीच आयोजित किया जाएगा। एलपीएल के आधिकारिक प्रमोटर आईपीजी ने भी ट्विटर पर इस ख़बर की पुष्टि की।

देश की स्थिति के कारण श्रीलंका क्रिकेट ने जुलाई में टूर्नामेंट को स्थगित करने का निर्णय लिया था। प्रायोजकों ने भी महसूस किया था कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लीग का आयोजन करना सही नहीं था। इसके बाद इस तरह के कारणों के चलते श्रीलंका में होने वाले एशिया कप को भी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में स्थानांतरित करने का फ़ैसला किया गया।

प्रतियोगिता के तीसरे संस्करण के लिए संभावित री-ड्राफ़्ट पर अभी कोई निर्णय नहीं लिया गया है। समझा जा रहा है कि टूर्नामेंट के आयोजक दो विकल्पों पर काम कर रहे हैं - या तो एक नया मसौदा तैयार करना, या जितना संभव हो उतने उपलब्ध खिलाड़ियों के साथ आगे बढ़ना और केवल अनुपलब्ध खिलाड़ियों के लिए ड्राफ़्ट आयोजित करना।

श्रीलंका के भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफ़टीपी) के अनुसार यह टूर्नामेंट नवंबर में वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ घर पर होने वाली टेस्ट सीरीज़ और दिसंबर-जनवरी में भारत के ख़िलाफ़ वनडे सीरीज़ के बीच खेला जाएगा।

## बड़े मियां छोटे मियां के लिए अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने घटाई अपनी फीस

1998 की कॉमेडी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का सिक्वल उसकी घोषणा होने के बाद से ही चर्चा में है। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। चर्चा थी कि फिल्म तगड़े बजट में बनेगी। अक्षय और टाइगर की फीस की रकम भी काफी ज्यादा है। रिपोर्ट्स के अनुसार अब फिल्म का बजट बैलेंस करने के लिए दोनों सितारों ने अपनी फीस में कटौती कर दी है। रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म के लिए अक्षय 144 करोड़, टाइगर 45 करोड़ और अली 25 करोड़ रुपये ले रहे थे। खबर है कि बड़े मियां छोटे मियां 2 में अक्षय ने अपनी फीस में 50 प्रतिशत, टाइगर ने 20 प्रतिशत और अली ने 35 प्रतिशत कटौती की है। अब इस फिल्म का नया बजट तैयार है। हीरोपंती 2, बच्चन पांडे और सम्राट पृथ्वीराज की असफलता के बाद निर्माता फिल्म पर इतना खर्च करने को लेकर सुनिश्चित नहीं थे।




रिपोर्ट के अनुसार फीस में कटौती से फिल्म के बजट में करीब 100 करोड़ रुपये का अंतर आया है। नए बजट के साथ फिल्म बनने को तैयार है। इसकी शूटिंग अगले साल जनवरी में शुरू हो सकती है। वहीं, इसे अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज करने की योजना है। फिलहाल फिल्म प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। निर्देशक अली अब्बास फिल्म की शूटिंग की लोकेशन तय करने के लिए यूरोप भ्रमण के लिए निकल चुके हैं। कुछ रिपोर्ट में फिल्म के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि स्टार्स की फीस की रकम महज अफवाह है। सितारों और प्रोड्यूसर के बीच क्या समझौता हुआ है, यह उनके बीच गोपनीय रहता है। इसके पहले फिल्म के ठंडे बस्ते में चले जाने की भी अफवाह उड़ी थी। इसके बाद निर्देशक ने सफाई दी थी कि उनकी फिल्म बंद नहीं हुई है। वह पूरी तैयारी के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं।

# खतरों के खिलाड़ी 12 से बाहर हुईं चेतना पांडे

रोहित शेट्टी का स्टंट शो खतरों का खिलाड़ी इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहा है. शो में कंटेस्टेंट को तरह तरह के स्टंट करने पड़ते हैं. वैसे तो शो का हर सीन काफी एकसाइटमेंट और ससपेंस से भरा होता है. लेकिन जब शो से किसी को बाहर निकालने का वक्त आता है, तब कलाकरों के साथ-साथ उनके फैंस भी सांसे थामकर बैठ जाते हैं. अभी फिलहाल शो से चार लोग बाहर हो चुके हैं. इसमे एरिका पैकार्ड, शिवांगी जोशी, अनरी वजानी और प्रतीक सहजपाल का नाम शामिल हैं. वहीं अब इनमें एक और नाम चेतना पांडे का जुड़ गया है. बता दें चेतना पांडे को इसी हफ्ते निकाल दिया गया है. हालांकि रोहित शेट्टी ने चेतना पांडे की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, वो एक बहादुर महिला हैं.

वहीं चेतना पांडे के शो से बाहर निकलने से उनके फैंस काफी दुखी हैं. सोशल मीडिया पर फैंस ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है. यहां तक कि



एक यूजर ने लिखा, चेतना जिन्होंने पानी के हर टास्क को इतनी अच्छी तरह से किया है, यहां तक कि आखिरी पानी के टास्क को भी उन्होंने वहां घूमने वाले बिस्तर के साथ जंजीर से बांध दिया था और आज के टास्क में बंदी कर नहीं पाई सीरियसली मैन. यूजर ने आगे कहा, पूरा शो सक्रिप्टिड है. बस रूबिना दिलेक को शो में रखने के लिए ऐसा किया गया. जिससे इनकी टीआरपी बढ़े.

एक अन्य यूजर ने लिखा, सिर्फ एक ञ्च रूबिना दिलेक के चक्कर में कितने के साथ नैनसाफी करोगे कलर टीम आप ? वहीं इस हफ्ते, प्रतियोगियों को दो ग्रुप में बांटा गया था, रेड और येलो. रेड टीम में मोहित मलिक रुबीना दिलाइक, फैसल शेख, जन्नत जुबैर और कनिका मान के साथ आगे थे. तुषार कालिया दूसरी टीम के कप्तान थे जिसमें राजीव अदतिया, सृति झा, निशांत भट और चेतना पांडे थे.



## अमिताभ बच्चन ने ऊंचाई का फर्स्ट लुक जारी कर मनाया फ्रेंडशिप डे

बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने हाल ही में फ्रेंडशिप डे के अवसर पर अपनी अगली फिल्म ऊंचाई का फर्स्ट लुक साझा किया। अभिनेता सूरज बड़जात्या द्वारा फिल्म को दोस्ती पर दर्शाया गया है। फिल्म में अनुपम खेर और बोमन ईरानी भी हैं। पोस्टर में, तीन लोगों को देखा जा सकता हैं।

फिल्म की शूटिंग पहाड़ी जगह पर की गई है, जहां बर्फ से ढकी चोटियां नजर आ रही हैं। पोस्टर पर लिखा है, दोस्ती उनकी एकमात्र प्रेरणा थी।राजश्री प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित ऊंचाई में डैनी डेन्जोंगपा, सारिका, नीना गुप्ता और परिणीति चोपड़ा भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म इसी साल 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बच्चन के पास अयान मुखर्जी द्वारा निर्देशित ब्रह्मास्त्र लाइन में है, जो अगले महीने रिलीज होगी। फिल्म में सेलिब्रिटी जोड़ी रणबीर कपूर और आलिया भट्ट, दक्षिण भारतीय सुपरस्टार नागार्जुन और अभिनेत्री मौनी रॉय भी हैं। इसके अलावा, बिग बी के पास प्रभास के साथ गुड बाय और प्रोजेक्ट के भी है।













## नवंबर में शुरू होगी नुसरत भरूचा की फिल्म छोरी 2 की शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री नुसरत भरूचा की आने वाली फिल्म छोरी 2 की शूटिंग नवंबर में शुरू होगी। नुसरत भरूचा फिल्म छोरी के सीक्वल की शूटिंग नवंबर में शुरू करेंगी। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में कुछ नए चेहरे भी देखने को मिलेंगे। छोरी 2 की कहानी फिल्म के पहले पार्ट से जारी रहेगी और एक नया मोड़ लेगी। नुसरत और फिल्म के कुछ दूसरे कास्ट मेंबर्स सीचल में अपने ओरिजिनल कैरेक्टर में नजर आएंगे। विशाल फिलहाल फिल्म की स्क्रिप्ट लिख रहे हैं। वह छोरी के लिए कुछ नया और इंटेरेस्टिंग क्रिएट कर रहे हैं। जल्द ही फिल्म की कास्टिंग प्रोसेस भी शुरू होगी। छोरी 2 इसके पहले पार्ट से ज्यादा बड़े स्केल पर बनाई जाएगी। प्रोड्यूसर अबुदंतिया एंटरटेनमेंट, टी-सीरीज और हॉलीवुड क्रिएटिव स्टूडियो क्रिप्ट टीवी छोरी फिल्म के साथ भारत की पहली हॉरर फ्रैंचाइजी बनाने की उम्मीद कर रहे हैं।इस फिल्म को भारत के कई शहरों में शूट किया जाएगा।छोरी मराठी फिल्म लपाछपी का हिंदी रीमेक थी। इस फिल्म में नुसरत भरूचा के अलावा मीता वशिष्ठ और सौरभ गोयल भी लीड रोल में थे।



C M Y K

# मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जागरूकता अभियान का किया शुभारंभ

## 9 अगस्त 2022 से 26 जनवरी 2023 तक होगा ग्राम सभाओं का आयोजन

**रायपुर, 10 अगस्त 2022।** छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजाति और अन्य परम्परागत वनवासियों को जागरूक करने प्रदेश में 15 अगस्त से 26 जनवरी तक सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का एक कैलेंडर तैयार किया गया है, जिसका विमोचन विश्व आदिवासी दिवस पर 9 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। सामुदायिक वन संसाधन अधिकार के क्रियान्वयन की राज्य स्तर पर मार्गदर्शिका तैयार की गई है और मैदानी कर्मचारियों के लिए कार्यशालाएं आयोजित की गई, परंतु ग्राम सभाओं में अभी भी सूचनाएं और प्रक्रियाएं पहुंच नहीं पा रही थी। अब पुनः मुख्यमंत्री ने समीक्षा की और ग्राम सभाओं को जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान की आवश्यकता महसूस की। इसे ध्यान में रखते हुए फाउंडेशन फॉर इकोलॉजिकल सिक्योरिटी संस्था ने आदिवासी विकास विभाग और वन विभाग के मार्गदर्शन में ग्राम सभाओं को प्रक्रियाओं की जानकारी देने सामुदायिक वन संसाधन अधिकार जागरूकता अभियान का एक कैलेंडर तैयार किया। इसका शुभारंभ 9 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया। यह अभियान 15 अगस्त 2022 से 26 जनवरी 2023 तक चलाया जाएगा।



स्वतंत्रता दिवस के 75वें वर्ष के समारोह में सभी ग्राम पंचायतों में वन अधिकार कानून के बारे में वाचन करते हुए अभियान की शुरुआत की जाएगी। इसके बाद जनवरी 2023 तक सभी वन आधारित गांवों में ग्राम सभाओं में सामुदायिक वन संसाधन पर चर्चा प्रस्ताव करने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अगस्त में दावों के शुभारंभ के लिए ग्राम सभा, सितंबर में लोकवाणी के माध्यम से मुख्यमंत्री से बातचीत, अक्टूबर की ग्राम सभा में प्रस्ताव, नवंबर में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम, दिसंबर में हाट बाजार, जनवरी में ग्राम सभा में विचार आदि के संबंध में जागरूकता अभियान संचालित रहेगा. यह अभियान एक साझा अभियान है, जिसमें सभी स्वयंसेवी संस्थाएं जुड़ेंगी, जिन्होंने लंबे समय तक इस कार्य को गति दी है और वर्तमान में संचालित कर रहे हैं। विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त को आदिवासी विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में इस अभियान के शुभारंभ में अभियान गीत के साथ जागरूकता पोस्टर्स एवं धमतरी के नगरी विकासखंड के चारगांव के ग्राम सभा के प्रयासों पर एक फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने इस अभियान को राज्य भर में संचालित करने के लिए आदिवासी विकास विभाग और वन विभाग को निर्देशित किया। स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण मानते हुए मुख्यमंत्री ने अभियान को सफल बनाने के लिए उनका आव्हान किया। छत्तीसगढ़ अकेला राज्य है, जहां इस तरह के सामुदायिक संसाधनों के अधिकार का लक्ष्य बनाया गया है और उसके लिए ग्राम सभाओं को सशक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके माध्यम से समुदाय की परंपरागत सांस्कृतिक धरोहर के साथ आजीविका के माध्यम ये वन संसाधन उनकी जिम्मेदारी सहित अधिकार में आएंगे।

# 4 मवेशियों की मौत,नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने मारी ठोकर

**बिलासपुर, 10 अगस्त 2022।** सेंदरी से रतनपुर नेशनल हाइवे 130 में अज्ञात वाहन की ठोकर से चार गोवंश की जान ले ली। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। मुख्य मार्ग होने के कारण इस मार्ग में भारी वाहनों की आवाजाही रहती है। वहीं ग्रामीण मवेशी पालक भी मवेशियों को छोड़ दे रहे हैं। इससे वे सड़क में बैठ जाते हैं। इससे बाइक सवार टकराकर गिर जा रहे हैं। वहीं मवेशी भी घायल हो जा रहे हैं। फिर ग्राम भरारी में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चार मवेशियों की मौत हो गई।




**जिले में चोरी की वारदात सामने आई**

अज्ञात चोर ने सूने घर में पेटी का ताला तोड़कर सोने, चांदी के जेवर पार कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। तखतपुर पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम साल्हेकापा निवासी जीवन लाल रजक अपनी पत्नी के साथ खेत में काम करने के लिए गया था। वहीं उसकी मां व बच्चे किराना दुकान गए थे। उसी समय अज्ञात चोर द्वारा पेटी में रखे सोना, चांदी सहित 40 हजार रुपये चोरी कर ले गया। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ आइपीसी की धारा 457,380 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

# पोस्ट ऑफिस में आज काम काज पूरी तरह ठप्प रहा,मांगों को लेकर कर्मचारियों ने किया हड़ताल




**राजनांदगांव, 10 अगस्त 2022।** जिले के डाक कर्मियों ने अपने पुराने पेंशन को लागू करने और निजी करण के विरोध में एक दिवसीय हड़ताल किया है। डाक कर्मचारियों के हड़ताल के चलाते पोस्ट आफिस का काम पूरी तरह ठप्प रहा है। राजनांदगांव डाक विभाग के कर्मचारियों ने अपनी पुरानी पेशन योजना सहित निजी करण के विरोध में आज एक दिवसीय हड़ताल किया। डाक विभाग के व्दारा हड़ताल किये जाने से पोस्ट आफिस का काम काज पूरी तरह ठप्प रहा है । जिले भर के सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी ने मुख्य पोस्ट ऑफिस के बाहर एकत्रित हुए और अपने मांगो को लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

इस अवृसर पर डाक एम्पाईलज यूनियन के प्रदेश अधिकारी के पी तिवारी ने बताया कि दो सूत्रीय मांग लेकर डाक कर्मी हड़ताल किये हुए है उन्होंने कहा कि अगर सरकार उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने को मजबूर होंगे।

अपनी 2 सूत्रीय मांगों को लेकर किए गए इस एक दिवसीय हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन करते हुए डाक विभाग के कर्मचारियों ने गेट पर हड़ताल का बैनर लगाया था और अपनी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने नारेबाजी करते रहे। इस दौरान डाक विभाग में कार्य लेकर आने वाले लोगों को भटकना पड़ा और डाक विभाग से संबंधित लोगों के कामकाज आज नहीं हो पाए।

# शराब बेचते हो कहकर युवक को जमकर पीटा,थाने पहुंचा पीड़ित

**खल्लारी, 10 अगस्त 2022।** खल्लारी थाना अंतर्गत ग्राम पचेडा में तुम शराब बेचते हो कहकर की जमकर मारपीट, जिसपर मामला दर्ज किया गया है। हिरऊ राम मांडले ने पुलिस को बताया कि वह पचेडा का निवासी है। 07 अगस्त 2022 को रात्रि करीबन 9.30 बजे वह अपने घर में परिवार के साथ खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहा था उसी समय गांव के गुड्डा खान, सोनु खान, मिलेश गोरले, खेमराज गायकवाड उसके घर के दिवाल कुदकर घर अंदर आंगन में आये एवं उसे बाहर निकल गांव में शराब ठेकेदारो के साथ मिलकर अवैध रूप से बिक्री करते हो आज तेरे को देख लेंगे बोले तो उसने बोला कि शराब बिक्री करता हूं।




तो तुम लोग मुझे शराब बेचते पकडकर बताव तब इतने में शराब बेचता है और झुठ बोलता है कहकर धमकाते हुए उसका हाथ बांह पकडकर हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। जिसे सुनकर उसकी पत्नी कुमारी बाई, बेटी रागिनी सो रहे कमरे से बाहर आये तब उन्हे भी अश्लील गंदी-गंदी गालियां बके उसकी पत्नी बीच बचाव की तो उसे भी हाथापाई किये जिससे उसकी पत्नी की बांये पैर में चोट आई है और उसके बांए हाथ के कलाई में चोट आई है। घटना को उसकी पत्नी एवं उसकी बेटी, पडोस के कुंदलाल टंडन देखे सुने है ।

आकर्षक पेंटिंगः


# सीएम भूपेश बघेल ने मूकबधिर स्कूल के विद्यार्थियों की तारीफ की

**रायपुर, 10 अगस्त 2022।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आज 11 से 17 अगस्त तक %हर घर तिरंगा% अभियान के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में जन-जन की भागीदारी दिख रही है। इसी कड़ी में गत दिवस रायपुर के मठपुरैना स्थित शासकीय मूकबधिर स्कूल के बालक और बालिकाओं ने %हमर तिरंगा% थीम तथा अन्य विषयों पर बेहद आकर्षक पेंटिंग बनाई। इन विद्यार्थियों को दो वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के सभी प्रतिभागी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।




सीएम बघेल ने तारीफ़ करते हुए ट्वीटर पर लिखा - देखो तो कितनी सुंदर पेंटिंग बनाई हैं।रायपुर के मठपुरैना स्थित शासकीय मूकबधिर स्कूल के बालक और बालिकाओं ने %हमर तिरंगा% थीम तथा अन्य विषयों पर ये चित्रकारी की है। #HamarTiranga IN

प्रतियोगिता में हाई स्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक वर्ग में प्रथम स्थान कृष्णा साहू, द्वितीय पुरस्कार दुर्गेश कौशिक और तृतीय पुरस्कार लुकेश्वर ने अर्जित किया। माध्यमिक एवं प्राथमिक वर्ग में प्रथम स्थान गगन साहू, द्वितीय पुरस्कार श्री चित्रांश और तृतीय पुरस्कार युगेश ने अर्जित किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दृष्टिबाधित कुशल निषाद को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाला के प्रभारी अधीक्षक त्रिपाठी, सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस. गुप्ता तथा विद्यालय के स्टाफ, ड्राइंग शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।




प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)